## गुलशन कंपनी पहुंची एनडीआरएफ की टीम, अन्य कंपनियों के ठेकेदारों के कार्यों की जांच की भी उठी मांग

# कामगार धनराज की मौतः चार पर एफआईआर दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर



गुलशन कंपनी में हुई 64 वर्षीय बुजुर्ग कामगार धनराज गुजवार की दर्दनाक मौत के मामले में लोधीखेड़ा पुलिस ने सख्त रुख अपनाया है। सुरक्षा में बड़ी चूक मानते हुए पुलिस ने प्रबंधक, ठेकेदार और सुपरवाइजर सहित 4 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

बीते दिनों 10 जनवरी की रात्रि गुलशन कंपनी में ब्वॉयलर मशीन पर काम करते हुए कबर पीपला 64 वर्षीय बुजुर्ग कामगार धनराज गुजवार की मौत हो गई थी,इसके बाद में देर रात तक विधायक विजय चौरे कामगारों और परिजनों के द्वारा न्याय की ग्वार के साथ में कंपनी परिसर में विरोध प्रदर्शन करते हुए न्याय की गुहार लगाई थी,जिसके बाद में प्रबंधन के द्वारा 10 लाख रुपए के मुआवजे की राशि भी स्वीकृत की गई थी,बुजुर्ग कामगार की मौत के बाद में ऐसी घटना की पूर्णावती ना हो इसलिए ठेकेदार, प्रबंधन पर कार्रवाई एवं अन्य कंपनियों की जांच की मांग भी लगातार कामगारों के द्वारा की जा रही है। बुधवार को गुलशन कंपनी में एनडीआरएफ की टीम ने पहुंच कर घटना के मामले एवं सेफ्टी सुरक्षा की जांच की है।

### कंपनियों में ठेकेदारी प्रथा बनी श्रमिकों के लिए काल

वर्तमान में बोरगांव औद्योगिक क्षेत्र की संचालित होने वाली इकाइयों में 80% कार्य ठेकेदारों के माध्यम से किया जा रहा है।ठेकेदारी प्रथा श्रमिकों के शोषण और हादसों का मुख्य केंद्र बन गई है। मुनाफाखोरी के चक्कर में कम्पनी ठेकेदार न केवल नियमों की धज्जियां उड़ा रहे हैं, बल्कि श्रमिकों के जीवन को भी जोखिम में डाल रहे हैं।ग्राउंड जीरो से मिली जानकारी के अनुसार, अधिकांश ठेकेदार अपने श्रमिकों को बुनियादी सुरक्षा उपकरण पीपीई किट जैसे हेलमेट, जूते, दस्ताने या बेल्ट उपलब्ध नहीं करा रहे हैं। खतरनाक मशीनों,ऊंचाइयों पर बिना किसी सुरक्षा इंतजाम के काम कराया जा रहा है। इतना ही नहीं, श्रमिकों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करते हुए उनका पी एफ भविष्य निधि बीमा) भी नहीं काटा जा रहा है। रिकॉर्ड में हेराफेरी कर कागजों पर सब कुछ ठीक दिखाया जाता है, जबकि हकीकत में मजदूर खाली हाथ हैं।

### प्रबंधन ठेकेदार समेत चार लोगों पर मामला दर्ज

चार दिन बाद लोधीखेड़ा पुलिस के द्वारा कामगार धनराज की मौत के मामले में एफआईआर दर्ज की है,लोधीखेडा थाना प्रभारी ए. बी मर्सकोले ने बताया की मामले की जांच करने के बादभारतीय न्याय संहिता बीएनएस की धारा 289 और 106 (1) के अंतर्गत गुलशन कंपनीप्रबंधक चंद्रशेखर तिवारी, ठेकेदार रघुनाथ पांडे, सुपरवाइजर तुलसी काकडे ऑपरेटर गणेश धुर्वे पर कार्यवाही की गई है।औद्योगिक सुरक्षा में लापरवाही अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी। श्री मर्सकोले ने स्पष्ट किया है कि जांच जारी है और साक्ष्यों के आधार पर सख्त कार्रवाई होगी।

### हादसों का मुख्य कारण अप्रशिक्षित और असुरक्षित श्रमिक

औद्योगिक इकाइयों में हुई अधिकांश दुर्घटनाओं के पीछे ठेकेदारों की लापरवाही सामने आई है। सुरक्षा मानकों की जांच किए बिना और बिना किसी ट्रेनिंग के मजदूरों को जोखिम भरे कामों में झोंक दिया जाता है। जब कोई अप्रिय घटना होती है, तो ठेकेदार जिम्मेदारी लेने के बजाय अक्सर पल्ला झाड़ लेते हैं। स्थानीय सामाजिक संगठनों और श्रमिक यूनियनों ने मांग की है की श्रम विभाग ने तुरंत सभी कंपनियों ठेकेदारों के दस्तावेजों कार्य और लाइसेंस की गहन जांच करना चाहिए,यदि समय रहते स्थानीय प्रशासन और श्रम विभाग ने इन ₹बेलगाम₹ ठेकेदारों पर नकेल नहीं कसी, तो औद्योगिक क्षेत्रों में मौतों का सिलसिला थमता नजर नहीं आएगा।

### इनका कहना है

कंपनी प्रबंधन के आगे प्रशासन नतमस्तक है,64 वर्षीय बुजुर्ग कामगार से काम लेना हत्या के श्रेणी में आता है, प्रबंधन और कंपनी ठेकेदार पर हत्या का मामला दर्ज होना चाहिए, श्रमिक के मामले को लेकर मैं न्यायालय जाऊंगा, क्षेत्र की कई कंपनियों में कामगारों का निरंतर शोषण जारी है, श्रम विभाग और स्थानीय प्रशासन ने कंपनियों ठेकेदार की जांच करनी चाहिए।

विजय चौरे, विधायक सौंसर

## दशहरा मैदान में होगा भव्य आयोजन

# विशाल हिंदू सम्मेलन का आयोजन, साध्वी सरस्वती करेंगी मार्गदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा

हिंदू सम्मेलन आयोजन समिति, छिंदवाड़ा द्वारा 17 जनवरी , शनिवार को स्थानीय दशहरा मैदान में एक विशाल हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इस भव्य आयोजन में मुख्य वक्ता के रूप में प्रख्यात धर्म प्रचारिका एवं राष्ट्र चिंतक साध्वी सरस्वती जी की ग रि मा म यी उपस्थिति रहेगी, जो अपने ओजस्वी विचारों एवं प्रेरणादायी उद्बोधन से समाज को मार्गदर्शन प्रदान करेंगी।



साध्वी सरस्वती जी सनातन धर्म, भारतीय संस्कृति, राष्ट्रवाद एवं सामाजिक चेतना की सशक्त प्रवक्ता हैं। वे देश-विदेश में हिंदू समाज को संगठित करने, सांस्कृतिक मूल्यों की रक्षा तथा युवाओं में राष्ट्रभाव जागृत करने हेतु निरंतर कार्य कर रही हैं। उनके प्रवचन समाज में वैचारिक स्पष्टता, आत्मगौरव एवं धर्म के प्रति जागरूकता का संचार करते हैं।हिंदू सम्मेलन आयोजन समिति द्वारा छिंदवाड़ा नगर के पांच उपनगरों में अलग-अलग तिथियों पर हिंदू सम्मेलनों का आयोजन किया जा रहा है। इन सम्मेलनों का मुख्य उद्देश्य हिंदू समाज को एकजुट करना, सांस्कृतिक चेतना को सुदृढ़ करना, सामाजिक समरसता को बढ़ावा देना तथा सनातन परंपराओं के संरक्षण हेतु जागरूकता फैलाना है।आयोजन समिति के अनुसार इन सम्मेलनों में सभी समाज, वर्ग एवं आयु के लोगों को आमंत्रित किया गया है, ताकि एक सशक्त, संगठित एवं जागरूक हिंदू समाज का निर्माण किया जा सके। समिति ने नगरवासियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस ऐतिहासिक आयोजन को सफल बनाएं।साथ ही अन्य वक्ताओं का भी उद्बोधन प्राप्त होगा।

# रेत का अवैध उत्खनन करने वाले दो आरोपियों को कोर्ट ने भेजा जेल

## दमुआ थाना प्रभारी ने रेत तस्कर और शासन से गुंडागर्दी करने वालों पर की कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमुआ



9 जनवरी को रात्रि करीबन 10 बजे दमुआ सारणी के झिरी घाट के पास कार्यपालिक मजिस्ट्रेट और नायब तहसीलदार मोहित बोरकर द्वारा एक अवैध रेत से भरी टैक्ट्रर ट्राली कों बिना आवश्यक दस्तावेज के रेत परिवहन करते पायी गयी थी जिसे सुरक्षार्थ खडा करने हेतु थाना दमुआ लाया जा रहा था। जो रास्ते में माडई चौगान झिरी घाट के पास उक्त ट्रैक्टर वाहन का मालिक राहुल यदुवंशी नर्बदा यदुवंशी आया और दोनों ने ट्रैक्टर चला रहे ड्रायवर के साथ गुंडागर्दी करते हुए गाली गलौच व धक्का मुक्की कर शासकीय कार्य में बाधा डालते हुए गुंडाई के बल पर उक्त लाल रंग का महिंद्रा टैक्ट्रर मय ट्राली रेत के लेकर चले गये। जिनकी शिकायत थाना दमुआ मे होने पर उक्त दोनों आरोपी रेत माफिया के विरुध्द दमुआ थाना प्रभारी प्रमोद सिरसाम ने अपराध क्र 05/2026 धारा 296 115 (2) 132, 3(5) बीएनएस का प्रकरण पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया।

इन दोनों माफियाओं को कुछ विशेष धाराओं के अधीन न्यायालय कार्यपालिक दंडाधिकारी जुन्नारदेव के समक्ष पेश किया गया था जहाँ सक्षम न्यायालय ने मामले कि नजाकत कों भाँपते हुए दोनों आरोपियों कों 23 जनवरी तक जेल मे रखने का हुक्म पारित किया गया जहाँ से दोनों जेल भेजे गए। बाकी झिर्रीघाट की घटना मे इन दोनों के अतिरिक्त जो सात-आठ गुंडे रूपी रेत माफिया थे, उनके खिलाफ भी पुलिस और राजस्व विभाग जल्द कार्यवाही करेगा।

## सांसद बंटी विवेक साहू ने उड़ाई पतंग और विजेताओं को किया पुरस्कृत



**छिन्दवाड़ा।** मकर संक्रांति के अवसर पर सांसद बंटी विवेक साहू के द्वारा पोला ग्राउंड छिन्दवाड़ा में सांसद पतंग महोत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में पोला ग्राउंड पहुंचे पतंगप्रेमियों ने पारंपरिक खेल पतंगबाजी करते हुए सांसद पतंग महोत्सव का लुत्फ उठाया। इस अवसर पर पतंगबाजी में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले पतंगबाजों को सांसद बंटी विवेक साहू ने पुरूस्कार देकर सम्मानित भी किया। उल्लेखनीय है कि सांसद बंटी विवेक साहू द्वारा लगातार पारंपरिक खेलों को महत्व दिया जा रहा है। इसी के तहत हाल ही में संपन्न हुए सांसद खेल महोत्सव में अधिक से अधिक संख्या में पारंपरिक खेलों को शामिल करते हुए हजारों खिलाड़ियों को पारंपरिक खेलों में खेलने का अवसर प्रदान किया गया। इस अवसर पर पारंपरिक खेलों में शामिल पतंगबाजी को लेकर पतंगप्रेमियों में खासा उत्साह देखने को मिला। इस दौरान पतंगप्रेमियों के लिए सांसद श्री साहू की ओर से संगीतमय वातावरण में पतंग और धागे की व्यवस्था की गई थी। सांसद श्री साहू ने सांसद पतंग महोत्सव में उपस्थित सभी लोगों को मकर संक्रांति की शुभकामनाएं देते हुए उन्हें तिल के लड्डू भी खिलाए। पतंगबाजी मे उत्कृष्ठ प्रदर्शन करने वाले राजा भटट को प्रथम पुरूस्कार, दशस्वी विश्वकर्मा को द्वितीय पुरूस्कार और बेस्ट कपल के तौर पर नरेन्द्र वीणा माहोरे को तृतीय पुरूस्कार सांसद बंटी विवेक साहू के द्वारा प्रदान किया गया। इस अवसर पर बच्चों ने भी पतंगबाजी में भाग लिया, जिसमें सबसे छोटी बच्ची अक्षरा मालवी को भी पुरूस्कार देकर सम्मानित किया गया।

## श्रीताज आनंद आश्रम में मकर संक्रांति आयोजन

**सौंसर।** ग्राम सावंगी में ब्रह्मलीन परम पूजनीय भय्याजी महाराज श्री क्षेत्र सावंगी मे मकर संक्रांति के पावन पर्व पर बुधवार को प्रार्थना महोत्सव व जन्मोत्सव निमित्त प्रवचन कार्यक्रम संपन्न हुआ, इस दौरान हजारों की तादाद में प पु भैयाजी महाराज के भक्तों ने आयोजन में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाया,श्री ताज आनंद आश्रम सावंगी मे मकर संक्रांति के पावन पर्व पर प्रार्थना महोत्सव एवं जन्मोत्सव समारोह सम्पन्न हुआ, सुबह 4 बजे समाधी अभिषेक, तदुपरान्त प्रार्थना स्तोत्र का परायण, हवन, भजन एवं दोपहर 12 से 2 बजे तक ह. भ. प. हरिभक्त परायण लक्ष्मणदासजी काले महाराज का प्रार्थना स्तोत्र पर प्रवचन हुआ, तदुपरांत आरती पश्चात महाप्रसाद वितरण किया गया।मकर संक्रांति पर संगी में आयोजित कार्यक्रम में जिला भाजपा अध्यक्ष संदीप मोहड़,जनपद पंचायत सौसर अध्यक्ष संजय भूते आदि ने पहुंच कर कार्यक्रम का पुण्य लाभ अर्जित किया।

# तीसरी मौत के बाद भी लावारिस थैले का रहस्य कायम

## जांच में जुटी पुलिस, दशरु का पीएम नहीं होने से निजी अस्पताल सवालों के घेरे में





हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

नगर के बहुचर्चित मिठाई कांड में आज बुधवार की सुबह को एक और बली चढ़ती नजर आई। जब इस मामले की एक अन्य पीड़िता श्रीमती खुशबू (उम्र 22 वर्ष) नागपुर के AIIMS अस्पताल में दम तोड़ दिया है। बीते लगातार 6 दिनों से छिंदवाड़ा के जिला सहित निजी अस्पताल में उपचार कराने के बाद बीती रात को खुशबू की तबियत अचानक बिगड़ गई। उसका रक्तचाप अनियंत्रित होने तथा लीवर के डेमेज होने के कारण नागपुर ले जाया गया था, लेकिन वहां पर भी आखिरकार वह जिंदगी और मौत की यह लड़ाई हार गई है और इस तरह से इस मिठाई मामले में दसरू यदुवंशी (उम्र 53 वर्ष) एवं सुंदरलाल कथूरिया (उम्र 75 वर्ष) के बाद 22 वर्षीय खुशबू के रूप में यह तीसरी मौत दर्ज की गई है। मिठाई कांड में यह कथूरिया परिवार में मृत होने वाली खुशबू (नातिन) इस मामले में सुंदरलाल कथूरिया (दादा) के बाद मौत का शिकार होने वाली दूसरी सदस्य है। जबकि इसी परिवार की एक अन्य महिला सदस्य अभी भी जिला अस्पताल में उपचाररत है।

### आनंद हॉस्पिटल सवालों के घेरे में

छिंदवाड़ा का आनंद अस्पताल सवालों के घेरे में है। दशरू यदुवंशी की मौत मिठाई कांड पहली मौत थी जिसमें लापरवाह निजी अस्पताल ने बिना पीएम के शव परिजनों को सौंप दिया था और परिजनों ने बिना पीएम के दाह संस्कार कर दिया। यह अस्पताल की बड़ी लापरवाही है। इसका खामियाजा परिजनों को भुगतना पड़ सकता है। क्योंकि सबूत के अभाव में कानूनी प्रक्रियाएं संभव नहीं होती। अस्पताल की लापरवाही पर पुलिस प्रशासन भी कार्यवाही कर सकता है।

### इनका कहना है

मरीज जिला अस्पताल से लाया गया था। शाम को मरीज भर्ती होने के बाद उल्टी दस्त और पैरों में नमी जैसी शिकायत बताई गई थी और दूसरे दिन ही उसकी मृत्यु हो गई। हमने उल्टी दस्त जैसी बीमारी समझकर परिजनों को शव सौंप दिया। परिजनों ने भी हमें मेडिकल हिस्ट्री नहीं बताई।

डॉ. रत्नेश रघुवंशी, संचालक आनंद अस्पताल छिंदवाड़ा

### खाद्य विभाग के अमले और पुलिस की लगातार दिखी सक्रियता

.नगर के इस मिठाई डिब्बे के मामले में जिला प्रशासन के निर्देश पर स्थानीय पुलिस एवं खाद्य विभाग की सक्रियता लगातार देखने को मिली। जहां एक ओर पुलिस के द्वारा तत्काल कार्रवाई करते हुए घटनास्थल से मिठाई का डब्बा के साथ सब्जी व नमकीन को जप्त कर लिया गया था। इस मिठाई की जांच हेतु उसे जबलपुर स्थित प्रयोगशाला में भेजा गया है। तो वहीं दूसरी ओर खाद्य विभाग के अमले के द्वारा शहर के समस्त मिष्टान्न प्रतिष्ठानों से सैंपल लेकर इस बात की संभावनाओं को टटोला गया है कि क्या मिठाई दूषित थी या फिर उसमें किसी तरह का जहरखुरानी की गई है। जिला खाद्य एवं औषधि विभाग के द्वारा उक्त सैंपल को अपनी प्रयोगशाला में भेजकर इसका परीक्षण सुनिश्चित किया गया है। अब देखना है कि प्रयोगशाला से जांच परीक्षण की रिपोर्ट आने के बाद कुछ हद तक इस मामले का खुलासा हो सकता है। इससे इस मामले की जांच को एक नई दिशा प्राप्त हो सकेगी।

### अब तक का घटनाक्रम

लावारिस थैली में मिले मिठाई के डब्बे मामले में सबसे पहले रविवार तड़के को **PHE** में कार्यरत दसरू यदुवंशी ने दम तोड़ दिया था। इसके बाद मंगलवार को प्रातः इसी मामले में एक अन्य दूसरा पीड़ित सुंदरलाल कथूरिया भी जिंदगी की जंग हार गया था और वह छिंदवाड़ा जिला चिकित्सालय में मृत घोषित किया गए थे। आज बुधवार सुबह को इसी मामले में कथूरिया परिवार के एक अन्य दूसरे सदस्य और इस मामले में तीसरे सदस्य के रूप में 22 वर्षीय श्रीमती खुशबू ने भी अंततः दम तोड़ दिया है। कथुरिया परिवार की यह दूसरी बेटी खुशबू का विवाह चांद क्षेत्र के थावड़ी ग्राम में हुआ था, जिससे उसे चार माह की दूध मुंही बच्ची भी है। इस मामले में अभी भी एक और महिला जिला चिकित्सालय में उपचाररत है।

# लापरवाह डॉक्टर पर होगी सख्त कार्यवाही : सांसद



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा

संसद की स्थायी समिति उपभोक्ता मामलों के खाद्य और सार्वजनिक वितरण की कमेटी के साथ में तीन राज्यों और दिल्ली व भोपाल के दौरे के बाद छिन्दवाड़ा लौटते ही सांसद बंटी विवेक साहू ने आईसीयू में हुई मौतों को गंभीरता से लेते हुए बुधवार को जिला चिकित्सालय का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने आईसीयू में हुई दो लोगों की मौतों पर चिंता जताते हुए अधिकारियों की बैठक ली और लापरवाह डॉक्टर पर सख्त कार्यवाही के निर्देश दिए है।

बैठक के दौरान सांसद बंटी विवेक साहू ने मेडिकल कॉलेज के डीन अभय सिन्हा, एसडीएम सुधीर जैन और डॉक्टरों की बैठक लेते हुए मौतों के कारण की जानकारी ली। सांसद श्री साहू ने बैठक के दौरान लापरवाह डॉक्टर पर अब तक की गई कार्यवाही की जानकारी मेडिकल कॉलेज के डीन से मांगी, जिस पर डीन ने उन्हें बताया कि चिकित्सा विशेषज्ञ डॉक्टर को पूर्व में 11 बार नोटिस जारी किया जा चुका है जिसका उन्होंने अभी तक कोई भी जवाब प्रस्तुत नही किया है। जिस पर नाराजगी जताते हुए सांसद श्री साहू ने तत्काल ही कलेक्टर हरेंद्र नारायण से मोबाईल पर बात करते हुए लापरवाह चिकित्सा विशेषज्ञ डॉक्टर के खिलाफ तत्काल कार्यवाही का प्रस्ताव बनाकर भोपाल भेजने के लिए कहा। साथ ही प्रस्ताव की एक कॉपी उन्हें भी उपलब्ध कराने के लिए कहा है।

## हर्रई वन परिक्षेत्र की धाधरा बीट में अनुभूति शिविर का हुआ आयोजन

**हर्रई।** अनुभूति कार्यक्रम में स्कूली बच्चों को कराया जंगल का भ्रमण व वनो और वनजीव की जानकारी दी गई हम हैं धरती के दूत मध्य प्रदेश शासन के वन विभाग द्वारा आयोजित अनुभूति कार्यक्रम की एक थीम थी जिसका उद्देश्य छात्रों को पर्यावरण संरक्षण, वन जीवों और प्रकृति के महत्व के बारे में शिक्षित करना था, जहां छात्रों ने पर्यावरण आधारित गीत गए विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया और प्रकृति का संदेश दिया इस कार्यक्रम में छात्रों को अनुमति किट दी गई वन जीवो प्रकृति से जुड़ी जानकारी दी गई और पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई गई जिसमें उन्हें धरती के दूत के रूप में अपनी भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया गया इस कार्यक्रम में **sdo** सिद्धार्थ दीपांकार, मास्टर ट्रेनर विजय सिंह कुसरे, रेंजर रघुवंश सिंह, डिप्टी रेंजर नाकेदार शिक्षक विद्यार्थी एवं उपस्थित थे।



# सांदीपनी विद्यालय के विद्यार्थियों ने किया वन भ्रमण

## अनुभूति कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों को वन्यप्राणियों की दी जानकारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया

मध्यप्रदेश ईको पर्यटन विकास बोर्ड एवं मध्यप्रदेश शासन वन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में संचालित अनुभूति कार्यक्रम (वर्ष 2025–26) के अंतर्गत दिनांक 14 जनवरी 2026 को सांदीपनी विद्यालय, तामिया के 120 विद्यार्थियों का वन भ्रमण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन उप वन मंडल अधिकारी श्रीमती सीमा ठाकुर के मार्गदर्शन में किया गया।

इस अवसर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती तुलसा परतेती, ईश्वर परतेती, वन परिक्षेत्र अधिकारी हिमांशु विश्वकर्मा, मास्टर ट्रेनर जे.पी. शिवहरे, संजय धुर्वे एवं सांदीपनी विद्यालय के शिक्षिका हर्षिता श्रीवास्तव, श्रीमती चौरसिया,दीपक साहू एंव वरिष्ठ शिक्षक राजेंद्र राजपूत विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को वन्य जीव, जैव विविधता, पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता, प्लास्टिक प्रदूषण से बचाव एवं प्रकृति के महत्व के संबंध में रोचक एवं ज्ञानवर्धक जानकारी प्रदान की गई।

पर्यावरणीय चेतना को सुदृढ़ करने हेतु विद्यार्थियों के लिए निबंध लेखन एवं पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।कार्यक्रम में सामाजिक कार्यकर्ता पत्रकार नितिन दत्ता, पवन श्रीवास्तव, बाबा ठाकुर, आकाश मंडराह, राजा गुप्ता, श्री दिनेश मालवी, शैलेन्द्र डेहरिया सहित अन्य वन अमला उपस्थित रहा।

## पीजी कॉलेज में बिरसा मुंडा जयंती पर आदिवासी गौरव दिवस समारोह



**छिंदवाड़ा।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय छिंदवाड़ा में आयोजित बिरसा मुंडा जयंती पर आदिवासी गौरव दिवस समारोह में प्रमुख अतिथि वक्ता बतौर बोलते हुए शासकीय महाविद्यालय चांद के प्राचार्य प्रो. अमर सिंह ने कहा कि धरती आबा बिरसा मुंडा की विरासत अपनी संस्कृति की जड़ों से जुड़ने का आव्हान है। बिरसा मुंडा की जयंती वीर आदिवादियों के बलिदान दिवस पर्यावरण संरक्षण, दुर्व्यसन से मुक्ति व अंधविश्वास से छुटकारे से विकास की विरासत को सहेजने पर बल जोर देती है। बिरसा मुंडा की जयंती आदिवासी बलिदानियों के भागीरथी प्रयासों से भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन को पुख्ता नींव प्रदान करने के योगदान के स्मरण कराता है। आदिवासी गौरव दिवस स्वतंत्रता संग्राम के अनलिखे अध्यायों को नमन करने का दिवस है। बिरसा मुंडा ने अपना पंथ बिरसायत, अपना देश, अपना राज एवं उलगुलान आंदोलन के माध्यम से अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ विद्रोह किया।

## जामसांवली धाम में बहेगी रामकथा की गंगा, कार्यक्रम की बनी रूपरेखा

# हनुमान जन्मोत्सव पर पधारेंगे जगतगुरू स्वामी रामभद्राचार्य महाराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर



विश्व प्रसिद्ध चमत्कारिक श्री हनुमान मंदिर संस्थान, जामसांवली (हनुमान लोक) में इस वर्ष हनुमान जन्मोत्सव का पर्व ऐतिहासिक और भक्तिमय होने जा रहा है। संस्थान द्वारा 29 मार्च से 2 अप्रैल तक भव्य 'श्री रामकथा महोत्सव' का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें विश्व विख्यात कथावाचक, पद्मविभूषण, तुलसी पीठाधीश्वर जगद्गुरु स्वामी श्री रामभद्राचार्य महाराज अपने मुखारविंद से अमृत वर्षा करेंगे।

जामसांवली धाम, जो अब 'हनुमान लोक' के रूप में नई पहचान पा चुका है,वहां जगद्गुरु श्री रामभद्राचार्य जी का आगमन क्षेत्र के श्रद्धालुओं के लिए एक दुर्लभ अवसर है। संस्थान अध्यक्ष गोपाल शर्मा ने बताया कि हनुमान जन्मोत्सव के पावन उपलक्ष्य में आयोजित यह पांच दिवसीय कथा प्रभु श्री राम के आदर्शों,भक्ति और मर्यादा को जन-जन तक पहुँचाने का एक दिव्य माध्यम बनेगी। हनुमान लोक में होने वाले इस बड़े आयोजन को लेकर अभी से उत्साह का वातावरण है। छिंदवाड़ा जिले के साथ महाराष्ट्र से भी हजारो की संख्या में श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। मंदिर संस्थान द्वारा कथा श्रवण के लिए विशाल पंडाल, पार्किंग और पेयजल जैसी व्यवस्थाओं की रूपरेखा तैयार की जा रही है। मंदिर संस्थान की ओर से क्षेत्र के समस्त धर्मप्रेमी जनता से सपरिवार उपस्थित होकर इस पुण्य लाभ को प्राप्त करने की अपील की है।

## देना होगा रिजल्ट ओरिएंटेड परफॉर्मेंस, अधिकारी कर्मचारी रहे मौजूद

# समय सीमा की बैठक में कलेक्टर दिए अधिकारियों को सख्त निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▸▸ पांढुर्णा

बुधवार को यहां कलेक्टर सभाकक्ष में जनहित एवं विकासकार्यों से संबंधित शिकायतों और आवेदनों के त्वरित निराकरण को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ ने समय सीमा बैठक ली। बैठक में विभिन्न प्रशासनिक विभागों द्वारा की जा रही कार्यवाही की प्रगति की विस्तार से जानकारी ली गई। इसमें अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि सभी प्रकरणों का निराकरण तय समय सीमा में प्राथमिकता के साथ किया जाए।



### सौंसर में केंद्रीय विद्यालय

कलेक्टर महोदय ने सौंसर में नए केंद्रीय विद्यालय की स्थापना तथा 15 वें वित्त आयोग तहत नवीन फायर स्टेशन निर्माण हेतु भूमि उपलब्ध कराने की कार्यवाही में तेजी लाने के निर्देश दिए। साथ ही जिले के नेटवर्क विहीन ग्रामों में 4 जी मोबाइल टॉवर लगाने के लिए शासकीय भूमि चिन्हित करने के लिए निर्देश जारी किए जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में संचार सुविधा सुदृढ हो सके।

### सडक एवं पुल निर्माण में तेजी

बैठक में पांढुर्णा के तीन शेर चौक से वधा नदी तक 10 किलोमीटर सडक पर गड्ढे भरने के लिए 4500 लाख रु का प्राकलन तैयार करन वरिष्ठ कार्यालय को प्रेषित किए जाने की जानकारी दी गई। ग्राम चिचोलीबड में शासकीय अस्पताल से शाला परिसर तक 600 मीटर कच्ची सडक को पक्का करने का प्रस्ताव प्रभारी मंत्री को भेजा गया। वहीं बानाबाकोडा से पीपला ना. वार मार्ग पर क्षतिग्रस्त रपटे स्थान पर नवीन पुलिया निर्माण का प्रस्ताव तैयार किया गया है।

### स्वास्थ्य एवं सामाजिक कल्याण पर फोकस

कलेक्टर वशिष्ठ ने बताया कि सडक दुर्घटना पीडितों के लिए नगदी रहित उपचार योजना 2025 लागू की गई है, जिससे आमजन को तत्काल स्वास्थ्य सुविधा मल सकेगी। रायबासा निवासी अनीता धुर्वे को विकलांग सहायता योजनांर्गत, ऑपरेशन के लिए जबलपुर अथवा पाढर भेजने की कार्यवाही प्रचलन में है। ग्राम मांडवी में नवनिर्मित अस्पताल में बिजली एवं पानी की व्यवस्था शीघ्र सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया गया।

### कृषि एवं राजस्व प्रकरणों का त्वरित निराकरण

भू-अर्जन अंतर्गत मौजा दुधा के कृषक प्रकाश पिता संतोष को मुआवजा राशि भुगतान का प्रकरण अनुमोदन के लिए कलेक्टर वशिष्ठ को प्रेषित किया गया। वहीं ग्राम राजना में पालतू जानवरों द्वारा फसल नुकसान की शिकायत पर संबंधित व्यक्ति को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

## खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**जुन्नारदेव।** एकल ग्रामोत्थान फाउंडेशन IVD केंद्र जुन्नारदेव ने स्वामी विवेकानंद युथ क्लब के माध्यम से विवेकानंद जी की जयंती एवं खेल खुद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस कार्य क्रम का शुभारम्भ भारत माता तथा स्वामी विवेकानंद जी के पूजन, ओमकार गायत्री मंत्र के साथ किया गया। तदुपरान्त कार्य क्रम मे भाषण, सूर्यनमस्कार, दौड़, खो-खो, कब्बडी, चम्मच दौड़, सिलाई आदि प्रतियोगिता आयोजित की गई तथा सभी विजेताओं को शील्ड, मैडल दे के सम्मानित किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रीमान सुखअमृत जी पारस पूर्व अध्यक्ष भारतीय मजदूर संघ कन्हान , श्रीमान रमेश सनोई जी नगर पालिका अध्यक्ष विशेष अतिथि श्रीमान प्रेम भैंसवार जी महाकौशल प्रांत सहसंगठन मंत्री वनांचल ,श्री कमलेश जिला समन्वयक पैसा एक्ट ,मुख्य वक्ता श्री मान दिलीप वाडिवा केंद्रीय सह योजना प्रमुख एकल ग्रामोत्थान फाउंडेशन, कार्यक्रम अध्यक्ष श्रीमान प्रदीप दुबे जी वनवासी छात्रावास व्यवस्थापक प्रांत श्रद्धा जागरण प्रमुख, कार्य क्रम के मुख्य वक्ता ने एकल की संकल्पना में एकल ग्रामोत्थान फाउंडेशन की कार्य योजना में प्रकाश डालते हुए सभी यूवाओ को संबोधित करते कहा तुम भारत की आस हो। तुम भारत के भविष्य हो तुम देश के लिए कुछ करने पैदा हुए।हे मेरे नौजवानों साथियों आपको अपने आप में विश्वास करना होगा।अपने काम में विश्वास करना होगा। अपने लक्ष्य विश्वास रखना होगा। तुम्हें अपने जीवन का मिशन बनाना है। तुम्हें एक उद्देश्य बनाना है। और उसके लिए जीना होगा। मेरे नौजवानों तुमको अपने देश के लिए कुछ करना है। समाज के लिए कुछ करना है ।अपने आपके लिए कुछ करना है।उठो जागो और अपने जीवन को एक नए अनुभव के साथ नई प्रेरणा के साथ आगे ले जाएंगे यही शुभकामनाएं सभी युवाओं को दी साथ ही कार्य क्रम के मुख्य अतिथि ने भी स्वामी विवेकानंद जी के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला तथा युवाओ को उनके पथ पर अग्रसर होने हेतु प्रेरित किया। इसके साथ ही सुरेश धुर्वे आंचल प्राथमिक शिक्षा प्रमुख,महेश संच प्रमुख एवं सम्माननीय सामान्य अतिथि श्रीमान शंकर सेन जी अधिवक्ता , सोनिया कुमरे उपाध्यक्ष,राजेश सूर्यवंशी पार्षद, प्रमिला पाल पार्षद, प्रमोद बंदेवर आदि कार्यक्रम मे सम्मिलित हुए तथा खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया। अंत मे सभी विजेताओं को सम्मानित किया गया व समापन मंत्र के साथ कार्य क्रम का समापन किया गया।

## पंचायत सचिवों ने भरी एकजुटता की हुंकार

**जुन्नारदेव।** पंचायत सचिवों के अधिकार, सम्मान और भविष्य की लड़ाई को नई दिशा देने के उद्देश्य बुधवार 14 जनवरी को नगर के एक लान में पंचायत सचिव महासंघ की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में 16 जनवरी को भोपाल के भेल मैदान में आयोजित होने वाले पंचायत सचिव महासंगम को ऐतिहासिक रूप से सफल बनाने का संकल्प लेते हुए ठोस रणनीति तय की गई। बैठक में पंचायत सचिवों के आने-जाने की कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही जुन्नारदेव क्षेत्र के पंचायत सचिवों की दो वर्ष से अधिक समय से लंबित एनपीएस राशि को लेकर गहरा असंतोष व्यक्त किया गया। सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि इस गंभीर विषय सहित अन्य लंबित मांगों को लेकर मुख्यमंत्री एवं पंचायत मंत्री को 16 जनवरी को ज्ञापन सौंपा जाएगा। इसके अलावा पंचायत सचिव यक्षराज सहारे सहित अन्य सचिवों के नियमितीकरण की प्रक्रिया में आ रही बाधाओं पर भी गंभीर चर्चा हुई। सचिवों ने कहा कि वर्षों की निष्ठापूर्ण सेवा के बावजूद नियमितीकरण में हो रही देरी अत्यंत पीड़ादायक है। जनपद एवं ग्राम पंचायत स्तर पर कार्य के दौरान आ रही प्रशासनिक, तकनीकी एवं व्यावहारिक समस्याओं को भी बैठक में प्रमुखता से रखा गया। बैठक को संबोधित करते हुए पंचायत सचिव महासंघ छिंदवाड़ा के जिलाध्यक्ष प्रदीप शिववंशी ने कहा कि पंचायत सचिव शासन-प्रशासन की सबसे मजबूत कड़ी हैं, लेकिन लंबे समय से उनकी अनदेखी की जा रही है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि अब पंचायत सचिव केवल आश्वासनों से नहीं, बल्कि ठोस निर्णयों से संतुष्ट होंगे। भोपाल महासंगम पंचायत सचिवों की एकजुट शक्ति का प्रतीक बनेगा। पंचायत सचिव महासंघ जनपद जुन्नारदेव के ब्लॉक अध्यक्ष स्वरूप मालवीय ने कहा कि यह महासंगम किसी एक पदाधिकारी या संगठन का नहीं, बल्कि हर पंचायत सचिव के आत्मसम्मान और भविष्य की लड़ाई है।

## टीबी उन्मूलन में पांढुर्णा की बड़ी उपलब्धि

### 90 प्रतिशत मरीज रोगमुक्त, प्रदेश में स्क्रीनिंग में पहला स्थान



हरिभूमि न्यूज ▸▸ पांढुर्णा

मध्यप्रदेश शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रभावी रूप से क्रियान्वित करते हुए पांढुर्णा जिला टीबी उन्मूलन की दिशा में उल्लेखनीय सफलता हासिल कर रहा है। कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ के मार्गदर्शन, सिविल अस्पताल पांढुर्णा के बीएमओ डॉ. दीपेंद्र सलामे के नेतृत्व तथा एसटीएलएस तुषार सिंगारे की जुझारू कार्यशैली से पांढुर्णा जिला टीबी स्क्रीनिंग में प्रदेश में प्रथम स्थान पर पहुंच गया है। राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत "निश्चय शिविर अभियान" का आयोजन 7 दिसंबर 2024 से 100 दिनों तक किया गया। अभियान के प्रथम चरण में 8600 टू-नॉट जांचें की गईं, वहीं वर्ष 2025 में 9753 माइक्रोस्कोपी जांचें संपन्न हुईं। जांच उपरांत वर्ष 2024 में 185 तथा वर्ष 2025 में 206 टीबी पॉजिटिव मरीज चिन्हित किए गए। सभी पॉजिटिव मरीजों को डॉट्स पद्धति से नियमित उपचार सुनिश्चित किया गया। दवाओं के सतत सेवन, सीएचओ एवं आशा कार्यकर्ताओं की निरंतर निगरानी के चलते 90 प्रतिशत मरीज पूर्णतः रोगमुक्त हुए, जो प्रदेश के सभी जिलों में सर्वाधिक है। अभियान के दौरान हैंडहेल्ड पोर्टेबल एक्स-रे मशीन से 13,500 एक्स-रे किए गए। साथ ही जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों के सहयोग से टीबी मरीजों को 650 फूड बास्केट का वितरण भी किया गया। यह उपलब्धि पांढुर्णा जिले के स्वास्थ्य अमले की प्रतिबद्धता, समर्पण और टीमवर्क का उत्कृष्ट उदाहरण है, जो "टीबी मुक्त भारत" के लक्ष्य की ओर एक सशक्त और प्रेरणादायी कदम साबित हो रही है।

## खेलों एमपी यूथ गेम्स में कबड्डी, खो खो, कुश्ती की चयन स्पर्धा हुई संपन्न



**जुन्नारदेव।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय घानाउमरी प्राचार्य मनोज दोहरे जी की उपस्थिति में कबड्डी, खो खो, कुश्ती चयन स्पर्धा संपन्न हुई। विभा तारन ने बताया कि ट्रायल में बड़ी संख्या में खिलाड़ियों ने भाग लिया। चयन प्रक्रिया को संपन्न कराने में मुख्य रूप से ज्योति सिरसाम, सत्येन राठौर, सुरेश पंडौले, अरुणा धुर्वे, दिनेश सिंह राठौर, राधा यदुवंशी, धनराज यदुवंशी, अशोक यदुवंशी, अभिषेक अहाके एवं शाला के समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं का सहयोग रहा। चयनित खिलाड़ी जिला स्तर पर भाग लेंगे। विभा तारन ने सबका आभार व्यक्त किया एवं अग्रिम शुभकामनाएं दी साथ ही 15 जनवरी को एथलेटिक्स की समस्त विधाओं का चयन कन्हान व्हेली स्टेडियम डुंगरिया में 11 बजे से किया जाएगा खिलाड़ी समस्त दस्तावेजों के साथ पहुंचे।

## विश्व हिंदू परिषद की प्रखंड बैठक 15 जनवरी को

**जुन्नारदेव।** विश्व हिंदू परिषद की प्रखंड की अहम बैठक का आयोजन 15 जनवरी 2026 को दोपहर 1:00 बजे स्थानीय श्री राम मंदिर जुन्नारदेव में आहूत की गई है। इस बैठक में विश्व हिंदू परिषद के आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की जाएगी। इसके अतिरिक्त आगामी दिनों में मनाये जा रहे हिंदू सम्मेलन के संदर्भ में विशाल वाहन रैली के कार्यक्रम के संदर्भ में व्यापक चर्चा होगी। इस बैठक में जिला मंत्री राधेश्याम ग्यासवंशी, जिला सहमंत्री प्रकाश विश्वकर्मा, जिला संयोजक अक्षय सिंह सेंगर तथा सामाजिक समरसता प्रमुख सुरेश भोला सोनी उपस्थित होंगे। इस बैठक में जिला धर्माचार्य संपर्क प्रमुख श्याम कृष्ण ओझा भी उपस्थित रहेंगे। उक्त आशय की जानकारी विश्व हिंदू परिषद के प्रखंड अध्यक्ष गोल चौकसे एवं प्रखंड मंत्री बलराम यदुवंशी के द्वारा प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी गई है।

## राष्ट्रीय रोवर रैन्जर जम्बुरी बालोद छत्तीसगढ़ से सीनियर स्काउट रोवर वापस लोटें

हरिभूमि न्यूज किरनापुर।



संयुक्त संचालक शिक्षण विभाग जबलपुर के पत्रानुसार एवं जिला शिक्षा अधिकारी श्री अश्विनी उपाध्याय बालाघाट के निर्देशानुसार तथा शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय किरनापुर के प्राचार्य श्रीमती अनिता तारन के मार्ग निर्देशन में बालाघाट जिला कि किरनापुर तहसील के युनिट लीडर मकबूल मोहम्मद कुरेशी एवं सीनियर स्काउट ने प्रथम रोवर रैन्जर राष्ट्रीय जम्बुरी जिला बालोद छत्तीसगढ़ में आयोजित जम्बुरी में सम्मिलित हुए। जिनमें हमारे किरनापुर तहसील के शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय किरनापुर के सीनियर स्काउट शामिल हुए जिनके नाम हैं -मुदित तिवारी,निकलेश देशमुख,रिषभ गौतम,कपिल रावते ,पियुष रावते, सीनियर रोवर अर्पित हुमनेकर, एवं सीनियर रोवर इमरान अली, ब्रजेश दमाहे ने इस जम्बुरी में सम्मिलित हुए यह जम्बुरी 09.01.2026से 13.01.2026 कि अवधि में सम्पन्न हुई। इस जम्बुरी का उद्घाटन छत्तीसगढ़ के राज्यपाल महामहिम रमेन डेका एवं इस जम्बुरी का समापन दिनांक 13.01.2026को छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री सम्मानीय विष्णु देव साय कि उपस्थिति में हुआ।

इसमें राज्य स्तरीय गतिविधियां -सटेट गेट, शिविर कला, कैम्प फायर,पायोनियरिग प्रोजेक्ट, मार्च फास्ट, फूड प्लाजा,कलर पार्टी,लोक नृत्य, फैशन शो, बैण्ड दल, हाइक, राज्य प्रदर्शनी इत्यादि गतिविधियां सम्पन्न हुई। इसमें हमारे सीनियर स्काउट ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया और हमारे जिले का नाम रोशन किया कलर पार्टी, मार्च फास्ट, प्रदर्शनी ,एडवैचर हाइक इत्यादि गतिविधियों में जिला का गौरव बढ़ाया और शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय किरनापुर को गौरवान्वित किया। यहां कि जनता तथा गणमान्य नागरिकों ने इन्हें बधाई दी है और इनके उज्जवल भविष्य कि कामना की है। इस जम्बुरी में भेजने में प्राचार्य अनिता तारन शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय किरनापुर,डी.ओ.सी.बालाघाट का योगदान सराहनीय रहा तथा मकबूल मोहम्मद कुरेशी स्काउटर का जम्बुरी में सहयोग काबिले तारीफ रहा।


## बापड़ी में दो दिवसीय ओपन कबड्डी टुर्नामेंट 2026 का भव्य आयोजन 15 से



**हरिभूमि न्यूज लांजी।** जय बजरंग कबड्डी क्लब द्वारा आयोजित ओपन कबड्डी टुर्नामेंट 2026 का आयोजन स्कूल ग्राउंड स्कूलटोला, बापड़ी पो. कारंजा तह. लांजी जिला बालाघाट में किया जा रहा है। यह टूर्नामेंट दो दिवसीय 15 जनवरी से 16 जनवरी तक चलेगा। आयोजन समिति द्वारा इस टूर्नामेंट में भाग लेने वाली टीमों के लिए आकर्षक इनाम रखे गए हैं। प्रथम पुरस्कार 18000 रुपये और शिल्ड समिति द्वारा, द्वितीय पुरस्कार 12000 रुपये स्व. श्री लंकेश नगपुरे शिक्षक की स्मृति में खेमराज मछिरके सरपंच एवं दिलीप बनोटे की ओर से, तृतीय पुरस्कार 8000 रुपये और शील्ड इंडियन बोरवेल्स रामजी लिल्हारे की ओर से, और चतुर्थ पुरस्कार 4000 रुपये और शिल्ड रतोन कंस्ट्रक्शन होमेन्द्र स्तोने की ओर से है। टूर्नामेंट का उद्घाटन 15 जनवरी 2026 को दोपहर 12 बजे होगा। मुख्य अतिथि राजकुमार कर्राहे विधायक लांजी-किरनापुर होंगे। विशिष्ट अतिथियों में सुश्री हिना तिखीराम कावरे पूर्व विधायक लांजी, विशिष्ट अतिथि रमेश भटेरे पूर्व विधायक लांजी किरनापुर विस. एवं अन्य होंगे तथा कार्यक्रम अध्यक्ष ग्राम सरपंच खेमराज मछिरके होंगे। आयोजन समिति द्वारा इस अवसर पर कबड्डी प्रेमियों से बड़ी संख्या में उपस्थित होने का आग्रह किया गया है। आयोजक समिति के अध्यक्ष निलेश बनोठे, उपाध्यक्ष अजय रक्शे, सचिव दिलीप बनोठे, और अन्य सदस्यों ने सभी को आमंत्रित किया है।

## फुलचुर में भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा का हुआ अनावरण

हरिभूमि न्यूज खैरलांजी।



खैरलांजी जनपद मुख्यालय अंतर्गत ग्राम फुलचुर में आदिवासी समाज के महानायक, धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा जी की प्रतिमा का गरिमामय अनावरण समारोह आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम श्रद्धा, सांस्कृतिक गौरव और सामाजिक एकता का प्रतीक बना। समारोह में क्षेत्र के विधायक गौरव सिंह पारधी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने विधि-विधान से पूजन-अर्चन कर भगवान बिरसा मुंडा जी की प्रतिमा का अनावरण किया और उनके संघर्ष, विचारों व समाज के लिए दिए गए योगदान को नमन किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन और समाजजन की उपस्थिति ने आयोजन को और भी भव्य बना दिया।

### संस्कृति और पर्यावरण संरक्षण समाज की पहचान, हर घर तुलसी लगाने का आह्वान- गौरव पारधी

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक गौरव पारधी ने कहा कि संस्कृति और पर्यावरण संरक्षण समाज की पहचान को मजबूत करते हैं। उन्होंने ग्रामीणों से आग्रह किया कि प्रत्येक परिवार अपने घर में तुलसी का पौधा अवश्य लगाए। तुलसी वातावरण को शुद्ध रखने के साथ-साथ भारतीय परंपरा और सांस्कृतिक मूल्यों का प्रतीक रही है। विधायक पारधी ने ग्रामीणों की एकजुटता और आयोजन की गरिमा की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम समाज में सकारात्मक सोच, नई ऊर्जा और प्रेरणा प्रदान करते हैं।इस अवसर पर ज्ञानेश रहांगडाले, सरपंच हरिलाल झाड़े, उपसरपंच संजय बागड़े, गोविंद मर्सकोले, अनिल धुर्वे, हेमराज उईके, शिशुपाल श्रीरामे, विजय सरोते, कैलाश मर्सकोले, देवानंद कुमरे, दिनेश धुर्वे सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## शिकायतों और खबर प्रकाशन के बाद भी कुंभकर्णीय नींद में प्रशासन

# शराब दुकानों में जारी है लूट, आबकारी नियमों का खुला उल्लंघन

**हरिभूमि न्यूज लांजी।** बालाघाट जिला एवं तहसील क्षेत्र लांजी अंतर्गत संचालित होने वाली विभिन्न शराब दुकानों में अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) से ज़्यादा दाम पर शराब बेचने की मनमानी शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं। ग्राहकों ने आरोप लगाया है कि दुकान के सेल्समैन खुलेआम प्रति बोतल या पव्वे पर निर्धारित रेट से अधिक पैसे वसूल रहे हैं। बताया जा रहा है कि लांजी क्षेत्र में शराब दुकान पर ग्राहकों को मनमाने रेट बताए जा रहे हैं, और विरोध करने पर सेल्समैन झगड़ा करने पर उतारू हो जाते हैं। शराब दुकानों में देशी और विदेशी दोनों तरह की शराब पर '20 रुपये से लेकर '50 रुपये तक अतिरिक्त वसूले जा रहे हैं। यह कृत्य आबकारी नियमों (एक्साईज रूल्स) का सीधा उल्लंघन है, जिसके तहत लाइसेंसी दुकानों को एमआरपी पर ही शराब बेचना अनिवार्य होता है। मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत एमआरपी से ज़्यादा दाम वसूलने वाले ठेकेदारों पर भारी जुर्माना लगाने और बार-बार शिकायत आने पर दुकान का लाइसेंस निलंबित करने का प्रावधान है। दूसरी ओर मिली जानकारी अनुसार लांजी नगर में वार्ड नं. 3, आमगांव रोड पर संचालित शराब दुकान, रेंज ऑफिस के पास संचालित होने वाली दुकानों में दुकान संचालकों द्वारा स्वयं ही ठेका स्थल पर शराब पीने की व्यवस्था बना दी गई है और तो और ग्राहको छुट्टे पैसे वापस न करते हुए शराब के साथ डिस्पोजल एवं पानी के पाऊच भी मुहैया कराए जा रहे है जिससे शराबी व्यक्ति दुकान के सामने ही शराब पीकर हुड़दंग मचाने लगे है।

लाइसेंसी दुकान पर खुलेआम ओवर रेटिंग होने से आबकारी विभाग की कार्यप्रणाली पर भी गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। अगर विभाग की ओर से नियमित रूप से



दुकानों की जाँच और निगरानी की जाए, तो यह अवैध वसूली रोकी जा सकती है। वहीं जिले भर की शराब दुकानों में पीओएस (पाईंट ऑफ सेल) मशीन से बिक्री करना और रसीद देना अनिवार्य है, ताकि ओवर रेटिंग पर नियंत्रण हो सके। परंतु क्षेत्र की इन शराब दुकानों में इन नियमों का पालन नहीं किया जा रहा है। लांजी नगर परिषद अंतर्गत वार्ड क्रमांक 3 की पार्षद श्रीमती पूनम आसटकर द्वारा नगर के हृदय स्थल पर काबिज शराब दुकान को हटाने के लिये भरसक प्रयास किये गये है परंतु चढ़ोत्तरी की चादर में सबकुछ आसानी से ढंक रहा है।

वहीं इस मामले में संयुक्त क्रांति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक किशोर समरीते ने अपने जारी बयान में कहा की मध्यप्रदेश में 4500 शराब दुकानों में एमआरपी से अधिक दर पर देशी विदेशी शराब की बिक्री हो रही है। दुकानों में रेट लिस्ट नहीं है, दुकानों में स्टॉक रजिस्टर नहीं है। एक ही टी.पी. पर 10-10बार शराब का परिवहन हो रहा है। प्रदेश में ठेका कुल 4500 देशी विदेशी शराब दुकानों का है परंतु प्रदेश में लगभग 54000 स्थानों पर अवैध रूप से शराब बेची जा रही है।

एमआरपी से अधिक दाम पर शराब बेचकर ठेकेदार करोड़ों रूपये कमा रहे हैं। आबकारी आयुक्त, अपर आबकारी आयुक्त, उपायुक्त और सहायक आयुक्त और 54 जिलों के आबकारी अधिकारी इनके अधीन आबकारी निरीक्षक, सहायक आबकारी निरीक्षक, हवलदार और 500 आबकारी आरक्षक इन ठेकेदारों से भारी रिश्वत ले रहे हैं।

## 13 और 14 वर्ष के मुमुक्षुओं ने बताया क्यों चुना यह मार्ग

# संयम और वैराग्य की ओर अग्रसर- मुमुक्षुओं के सत्कार के लिए निकला वरघोड़ा



**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** सांसारिक मोह-माया और भौतिक सुखों का त्याग कर, आत्मा की शुद्धि और मोक्ष प्राप्ति के लिए दीक्षा का मार्ग चुनने वाले रायपुर के प्रतिष्ठित परिवार से ताल्लुक रखने वाले मुमुक्षुओं का कटंगी नगर में जोरदार तरीके से स्वागत सत्कार किया गया। 14 जनवरी बुधवार की सुबह 09 बजे स्थानीय जैन मंदिर से बाजे-गाजे के साथ सभी मुमुक्षुओं को रथ पर सवार कर वरघोड़ा (शोभायात्रा) निकाला गया। जिसने पूरे शहर का भ्रमण करने के बाद दोपहर 12 बजे यथास्थान पर विराम लिया। इस ऐतिहासिक वरघोड़ा में जैन धर्म की आस्था, श्रद्धा और उल्लास का अनुपम दृश्य देखने को मिला। बैंड-बाजे, के साथ निकले वरघोड़ा में महिला-पुरुष हाथों में धर्म ध्वजाएं लेकर जैन धर्म और जैनाचार्यों के जयघोष करते चल रहे थे। जिससे पूरा वातावरण धर्ममय और भाव-विभोर नजर आया। जैन समाज के अलावा सकल समाज के लोग भी इस शोभायात्रा में शामिल हुए। नगर में जगह-जगह पुष्प वर्षा कर मुमुक्षुओं का स्वागत-सत्कार और अभिनंदन किया गया। शोभायात्रा के दौरान मुमुक्षुओं ने भी अपने पास की धन राशि न्यौछावर की। सांसारिक जीवन छोड़कर संयम का मार्ग अपनाने के लिए तैयार मुमुक्षुओं के भव्य स्वागत और सम्मान में दोपहर 01 बजे जैन कुशल भवन में अभिनंदन समारोह का आयोजन हुआ।

मुमुक्षु शैलेन्द्र सकलेचा, एकता सकलेचा, आशीष सुराना, रितु सुराना, आर्यन सुराना, आरूष सुराना और तनिष सोनीगरा का अभिनंदन किया गया। मुमुक्षु एकता सकलेचा कटंगी के प्रतिष्ठित संचेती परिवार की बेटी है। वह अपने पति के साथ दीक्षा ले रही है। जबकि इनकी पुत्री ने करीब वर्ष भर पूर्व ही दीक्षा ग्रहण की है। अभिनंदन समारोह के दौरान समता बहु मंडल ने गीत और तस्वीरों के जरिए एकता सकलेचा के अब तक जीवन वृतांत (यात्रा) को सभी के सामने बेहद ही खूबसूरत तरीके से रखा। निपुणा बहु मंडल ने जैन धर्म के महत्व को गीत के माध्यम से सकल समाज तक पहुंचाया। दीक्षा लेने से पूर्व कटंगी में जैन समाज ने सभी मुमुक्षुओं के स्वागत में समारोह का आयोजन करवाया। 08 फरवरी को मुंबई के बोरीवली में आचार्य भगवंत विजय योग तिलक सुरीश्वर जी करीब 65 लोगों को दीक्षा ग्रहण करवाएंगें।

मोक्ष की इच्छा रखने वाले मुमुक्षु आयुष की उम्र महज 13 और तनिष्क की 14 वर्ष है। इन दोनों ही मुमुक्षुओं ने अभिनंदन समारोह के दौरान बताया कि आखिरकार उन्होंने यह मार्ग क्यों चुना। आयुष और तनिष्क बताते है रायपुर में गुरुदेव के सानिध्य में अठाई तपस्या की। जहां जाने पर गुरुदेव से वात्सल्य मिला। वैराग्य का पता चला और यह भी पता चला कि जीवन में अंत काल को सुधारा और बिगड़ा जा सकता है। जिसके बाद उपधान तप की आराधना से उनका मन विचलित हो उठा। गुरूदेव का सानिध्य मिला और उन्होंने इस मार्ग पर जाने का निर्णय लिया। आर्यन सुराना ने बताया कि चार्तुमास और उनके पिता के संस्कारों से उनका जीवन इस मार्ग की ओर बढ़ा। वह बताते है कि उनका मन भी उन बच्चों के तरह की चंचल था जैसा आमतौर पर होता है। उन्हें भी खेलना-कूदना, मौज-मस्ती करना और बाहर का खाना, खाना अच्छा लगता था। पिता ने अठाई करने भेजे फिर विहार और गुरुकुल वास मिला। जहां गुरु के सानिध्य में रहकर केवल किताबी ज्ञान ही नहीं, बल्कि नैतिक मूल्यों, आत्म-अनुशासन और आध्यात्मिक विकास की शिक्षा मिली।

## सोनखार उगली में स्वास्थ्य सेवाओं की अनदेखी, 26 जनवरी से आंदोलन की चेतावनी

# उगली प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर 15 दिन बाद भी उपस्थित नहीं

### उगली क्षेत्र की जनता को केवल वोट बैंक समझा जा रहा है

**उगली। सिवनी जिले के जनपद पंचायत केवलारी अंतर्गत उप तहसील उगली निवासी प्रमोद कुमार जैन ने सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते को स्वास्थ्य सेवाओं की लगातार खामियों को लेकर पत्र लिखा था।**

15 दिन बीत जाने के बाद भी डॉक्टर बिजेंद्र सिंह उईके प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र उगली में उपस्थित नहीं हैं। उन्होंने सांसद से पूछा कि अब क्या किया जाए ताकि क्षेत्रवासियों को स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध हो सकें। प्रमोद कुमार जैन ने स्वास्थ्य सेवाओं की लगातार कमी और डॉक्टर की अनुपस्थिति पर चिंता जताई है। प्रमोद कुमार जैन ने फेसबुक पोस्ट के माध्यम से बताया कि उगली प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में 2005 से महिला और पुरुष चिकित्सक मौजूद नहीं हैं, बावजूद इसके शिकायत करने के बावजूद कोई अधिकारी सुनवाई के लिए तैयार नहीं हैं। उन्होंने लिखा कि सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते जी करीब 35 वर्षों से सिवनी-मंडला क्षेत्र से सांसद हैं, और वर्तमान सरकार स्वस्थ नारी, सशक्त नारी का नारा दे रही है, लेकिन उगली की जनता इस सुविधा से वंचित है। प्रमोद कुमार जैन ने आरोप लगाया कि सीएमओ श्री जयपाल ठाकुर, बीएमओ श्री लकरा और कलेक्टर सिवनी को अनेकों बार शिकायत देने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई। केवल आश्वासन दिए गए, परन्तु कोई ठोस परिणाम सामने नहीं आया। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि शासन-प्रशासन ने इस ओर ध्यान नहीं दिया, तो 26 जनवरी 2026 से आंदोलन और धरना आयोजित किया जाएगा, और इसके लिए पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। प्रमोद कुमार जैन ने यह भी कहा कि उगली क्षेत्र की जनता को केवल वोट बैंक समझा जा रहा है, जबकि उनके स्वास्थ्य और मूलभूत सुविधाओं की अनदेखी की जा रही है। यह मामला स्थानीय स्वास्थ्य सेवाओं की निरंतर अनदेखी और प्रशासनिक निष्क्रियता को उजागर करता है, और इसे लेकर क्षेत्र में जनता की नाराजगी बढ़ती जा रही है। जो मेरे उच्च अधिकारी बोलते हैं, मैं वहीं ड्यूटी करता हूं। इस संबंध में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र उगली में पदस्थ डॉ. विजेंद्र उईके से संपर्क किया गया। उन्होंने बताया कि जो मेरे उच्च अधिकारी बोलते हैं, मैं वहीं ड्यूटी करता हूं। 23 से 24 दिसंबर तक बीएमओ साहब अवकाश पर थे, उस दौरान प्रभार मुझे सौंपा गया था। पिछले चार दिनों से मैं प्रशिक्षण में हूं और वर्तमान में जिला अस्पताल सिवनी में ट्रेनिंग ले रहा हूं। मेरा कोई निजी क्लीनिक नहीं है।




## खबर संक्षेप

### 10वाँ सशस्त्र बल वेटरन्स दिवस कार्यक्रम सम्पन्न

**सिवनी।** शासन के निर्देशानुसार मानस भवन, सिवनी में 10वाँ सशस्त्र बल वेटरन्स दिवस का आयोजन समारोह पूर्वक किया गया। कार्यक्रम में कलेक्टर शीतला पटले मुख्य रूप से उपस्थित रहीं। कलेक्टर शीतला पटले द्वारा जिले के भूतपूर्व सैनिकों एवं पूर्व सैनिकों की विधवाओं (वीर नारियों) को शॉल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। उन्होंने अपने उद्बोधन में भूतपूर्व सैनिकों के राष्ट्र निर्माण एवं देश की सुरक्षा में दिए गए योगदान को सराहते हुए कहा कि उनका त्याग एवं समर्पण समाज के लिए अनुकरणीय है। साथ ही जिला प्रशासन की ओर से भूतपूर्व सैनिकों, वीर नारियों एवं उनके आश्रितों को आवश्यकतानुसार हर संभव सहयोग प्रदान किए जाने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में जिला सैनिक कल्याण अधिकारी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री विशाल सिंह, सहित जिला प्रशासन के अन्य अधिकारी, जन प्रतिनिधिगण, भूतपूर्व सैनिक, वीर नारियाँ एवं उनके परिजन उपस्थित रहे।

### संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग राज्य मंत्री श्री लोधी का दौरा कार्यक्रम

**सिवनी।** मध्यप्रदेश शासन के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी गुरूवार 15 जनवरी को सिवनी जिले के एक दिवसीय प्रवास पर रहेंगे। प्राप्त जानकारी अनुसार मंत्री श्री लोधी 15 जनवरी को प्रातः 10 बजे दमोह से प्रस्थान कर दोपहर 12:30 बजे लखनादौन पहुंचेंगे तथा विधायक श्री दिनेश राय के निवास पर भेंट करेंगे।मंत्री श्री लोधी दोपहर 01 बजे लखनादौन से समुद्र राजा दिघोरी के लिए प्रस्थान कर दोपहर 02 बजे कार्यक्रम स्थल पहुंचेंगे तथा पांच दिवसीय कोयापुनेम 52 कलश घट ज्योति स्थापना एवं अन्य शासकीय कार्यक्रमों में सम्मिलित होंगे।

## जनभागीदारी समिति अध्यक्ष सत्येंद्र पटवा के प्रयास रंग लाए, घंसौर शासकीय महाविद्यालय को मिल सकती है विकास की कई बड़ी सौगातें

### घंसौर महाविद्यालय में सुविधाओं की आएगी बहार, छात्र–शिक्षकों में खुशी, उच्च शिक्षा को मिलेगे नए आयाम

**घंसौर / घंसौर शासकीय महाविद्यालय के लिए यह समय विकास और सुविधाओं की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण साबित हो रहा है। वर्षों से बुनियादी संसाधनों और अधोसंरचना की कमी से जूझ रहे इस महाविद्यालय को अब नई दिशा और गति मिलती दिखाई दे रही है। जनभागीदारी समिति अध्यक्ष सत्येंद्र पटवा के सतत प्रयासों और सक्रिय भूमिका के परिणामस्वरूप महाविद्यालय को कई बड़ी स्वीकृतियां एवं सौगातें प्राप्त हो सकती हैं, जिससे क्षेत्र के हजारों विद्यार्थियों के भविष्य को मजबूती मिलने की उम्मीद जगी है।**

### लगातार प्रयासों का मिला सकारात्मक परिणाम

शासकीय महाविद्यालय घंसौर में लंबे समय से छात्र-छात्राएं एवं शिक्षक मूलभूत सुविधाओं की कमी से परेशान थे। इन समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए जनभागीदारी समिति अध्यक्ष सत्येंद्र पटवा ने उच्च स्तर पर लगातार संपर्क, पत्राचार और बैठकों के माध्यम से महाविद्यालय की जरूरतों को शासन-प्रशासन के समक्ष मजबूती से रखा। उनके इन प्रयासों का ही परिणाम है कि आज महाविद्यालय के विकास को लेकर ठोस निर्णय सामने आ सकते हैं।

### मंत्री से भेंट, सौंपा विस्तृत ज्ञापन

हाल ही में सत्येंद्र पटवा के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार से मुलाकात कर घंसौर महाविद्यालय की समस्याओं और आवश्यकताओं से अवगत कराया। इस दौरान महाविद्यालय में शैक्षणिक वातावरण को बेहतर बनाने हेतु आवश्यक सुविधाओं की मांग करते हुए विस्तृत ज्ञापन सौंपा गया। मंत्री द्वारा विषय की गंभीरता को समझते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए गए।

### अधोसंरचना विकास को मिली रफ्तार*

जानकारी के अनुसार महाविद्यालय में वर्षों से लंबित ऑडिटोरियम भवन की मांग को लेकर सकारात्मक पहल हुई है। इसके साथ ही बाउंड्रीवाल निर्माण, अतिरिक्त कक्षों का निर्माण, विद्युत व्यवस्था को सुदृढ़ करने तथा पेयजल समस्या के समाधान की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम उठाए जा रहे हैं। इन कार्यों से न केवल शैक्षणिक गतिविधियों को मजबूती मिलेगी, बल्कि विद्यार्थियों को एक सुरक्षित और अनुकूल वातावरण भी उपलब्ध होगा।

## हिंदुत्व पूजा पद्धति नहीं, बल्कि जीवन दर्शन है - विनोद दिनेश्वर




**सिवनी।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा एक ऐतिहासिक युवा सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित इस सम्मेलन में जिले के विभिन्न अंचलों से आए 700 से अधिक युवाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में राष्ट्रभक्ति, सांस्कृतिक चेतना और सामाजिक उत्तरदायित्व का भाव जागृत करना रहा।

सम्मेलन के मुख्य वक्ता विनोद दिनेश्वर, महाकौशल प्रांत के प्रांत प्रचार प्रमुख, रहे। उन्होंने अपने ओजस्वी, प्रेरणादायी और विचारोत्तेजक उद्बोधन में युवाओं का आह्वान किया कि वे राष्ट्र निर्माण में अपनी निर्णायक भूमिका निभाएं। अपने वक्तव्य में उन्होंने महर्षि अरविंद के विचारों का उल्लेख करते हुए कहा कि जिस देश के युवाओं के मन में अतीत का गौरव, वर्तमान की पीड़ा और भविष्य के उज्ज्वल सपने जीवित रहते हैं, वही राष्ट्र विश्व में अग्रणी बनता है।

मुख्य वक्ता ने स्वामी विवेकानंद के प्रेरक विचारों को स्मरण कराते हुए कहा कि "जिस दिन मुझे सौ युवा एक दिशा में चलने वाले मिल जाएं, उस दिन भारत विश्व गुरु बन जाएगा।" उन्होंने यह भी कहा कि "जीते वही हैं, जो दूसरों के लिए जीते हैं। देश के लिए मरना कठिन है, किंतु देश के लिए जीना कठिनतम है।" आज के समय में युवाओं को देश के लिए जीने और आवश्यकता पड़ने पर बलिदान के लिए भी सदैव तैयार रहना चाहिए।

अपने संबोधन में उन्होंने डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार के विचारों को उद्धृत करते हुए कहा कि भारत एक हिंदू राष्ट्र था, है और रहेगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि हिंदुत्व कोई पूजा-पद्धति नहीं, बल्कि एक जीवन दर्शन है, जो वसुधैव कुटुंबकम् और सर्वे भवन्तु सुखिनः जैसे सार्वभौमिक मूल्यों की ओर मानवता का मार्गदर्शन करता है। हिंदुत्व किसी के विरोध में नहीं है, बल्कि सर्वेषां अविरोधेन की भावना के साथ सबको साथ लेकर चलने का संदेश देता है।

मुख्य वक्ता ने संघ की यात्रा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि "RSS No to RSS Know" तक, "RSS को जानो" तक की यात्रा, वास्तव में भारत को जानने की यात्रा है। उपहास, उपेक्षा और विरोध से लेकर स्वीकार्यता और सहभागिता तक का यह सफर संघ की सामाजिक स्वीकार्यता और उसकी रचनात्मक भूमिका का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि संघ का उद्देश्य केवल संगठन निर्माण नहीं, बल्कि व्यक्ति निर्माण से समाज और राष्ट्र निर्माण करना है। अपने वक्तव्य में उन्होंने वर्ष 2025–26 को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि यह कालखंड कई ऐतिहासिक स्मृतियों से जुड़ा है—गुरु तेग बहादुर की शहादत के 350 वर्ष, बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती, वंदे मातरम् गीत की 150वीं जयंती तथा विश्व के सबसे बड़े स्वयंसेवी संगठन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का शताब्दी वर्ष। उन्होंने यह भी कहा कि 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद जी की जयंती है और उससे एक दिन पूर्व युवाओं का इस प्रकार एकत्र होना अपने आप में सौभाग्य की बात है।

सम्मेलन में युवाओं से आह्वान किया गया कि वे संघ के मूल्यों—अनुशासन, सेवा, समर्पण और राष्ट्रनिष्ठा—को अपने जीवन में अपनाएं। युवा ही राष्ट्र का भविष्य हैं और अपने चरित्र, कर्म और चिंतन से वे भारत को पुनः विश्व गुरु बना सकते हैं।

### कार्यक्रम की प्रमुख विशेषताएं

सम्मेलन में विभिन्न विषयों पर आकर्षक और ज्ञानवर्धक प्रदर्शनियां लगाई गईं। जनजातीय नायकों की प्रदर्शनी में उनके जीवन, संघर्ष और योगदान को दर्शाया गया, जिसने युवाओं को अपने गौरवशाली अतीत से जोड़ा। संघ की शाखाओं में होने वाले खेलों का प्रदर्शन किया गया, जिसमें युवाओं ने शारीरिक दक्षता और अनुशासन का परिचय दिया।

इसके अतिरिक्त संविधान और संघ की 100 वर्षों की यात्रा पर आधारित एक विस्तृत प्रदर्शनी लगाई गई, जिसमें संघ की स्थापना से लेकर वर्तमान तक के कार्य, विचार और सामाजिक योगदान को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया। प्राचीन सिक्कों की प्रदर्शनी भारत के ऐतिहासिक वैभव को दर्शाने वाला विशेष आकर्षण रही। वहीं पंच परिवर्तन, कुटुंब प्रबोधन, सामाजिक समरसता, नागरिक कर्तव्य, पर्यावरण संरक्षण और स्व की जागृति जैसे विषयों पर आधारित प्रदर्शनी ने युवाओं को सामाजिक दायित्वों के प्रति जागरूक किया।

यह युवा सम्मेलन संघ के शताब्दी वर्ष और स्वामी विवेकानंद जयंती के पावन अवसर पर आयोजित किया गया, जिसमें युवाओं ने न केवल संघ की विचारधारा को समझा, बल्कि अपने प्राचीन गौरव और सांस्कृतिक विरासत का भी प्रत्यक्ष अनुभव किया। सिवनी जिले में आयोजित यह सम्मेलन युवाओं को समाज सेवा, राष्ट्र निर्माण और सांस्कृतिक जागरूकता की दिशा में प्रेरित करने वाला एक स्मरणीय आयोजन सिद्ध हुआ। आयोजकों ने विश्वास व्यक्त किया कि भविष्य में भी ऐसे आयोजनों की श्रृंखला निरंतर जारी रहेगी।

## मकर संक्रांति पर कोटीघाट में होगा विशाल भंडारा का आयोजन

### 15 जनवरी को मां वैनगंगा तट पर मोनी दादा भक्त मंडल के तत्वाधान में होगा धार्मिक आयोजन

**पलारी।** मकर संक्रांति पर्व के पावन अवसर पर विगत वर्षों की परंपरा के अनुरूप इस वर्ष भी माँ वैनगंगा तट कोठीघाट में भव्य धार्मिक आयोजन एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन 15 जनवरी 2026 गुरुवार को आयोजित होगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं क्षेत्रवासी शामिल होंगे। आयोजन को लेकर क्षेत्र में धार्मिक उत्साह का वातावरण बना हुआ है। आयोजन समिति के अनुसार यह कार्यक्रम समस्त क्षेत्रवासियों एवं मोनी दादा भक्त मंडल के संयुक्त तत्वाधान में संपन्न होगा। धार्मिक आस्था और सेवा भावना के प्रतीक इस आयोजन में श्रद्धालुओं के लिए प्रसादी की व्यापक व्यवस्था की जा रही है। आयोजन स्थल पर व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है ताकि दूर-दराज से आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। आयोजकों ने क्षेत्रवासियों एवं साधु-संतों से अपील की है कि वे मकर संक्रांति के इस पावन अवसर पर मां वैनगंगा तट पर पहुंचकर भंडारे में सहभागिता करें और धर्मलाभ अर्जित करें। आयोजन समिति का कहना है कि यह कार्यक्रम सामाजिक समरसता और धार्मिक एकता का संदेश देता है तथा वर्षों से चली आ रही परंपरा को आगे बढ़ाने का एक सशक्त माध्यम है।

## भूतपूर्व सैनिकों का किया गया नगर परिषद द्वारा सम्मान

**छपारा।** सिवनी जिले के छपारा नगर में 14 जनवरी दिन बुधवार को सशस्त्र बल पूर्व सैनिक दिवस के मौके पर सेवानिवृत्त सैनिकों का नगर परिषद छपारा के द्वारा सम्मान किया गया...इस दौरान नगर के 2 भूत पूर्व सैनिकों को शाल और श्रीफल देकर सम्मानित किया गया...इस मौके पर नगर के तहसीलदार सौरभ भलावी, नगर परिषद छपारा की सीएमओ गीता वाल्मीकि,नगर परिषद अध्यक्ष निशा पटेल, उपाध्यक्ष शिवकांत ठाकुर,वार्ड पार्षद प्रीति ठाकुर, सुरजीत सिंह समेत नगर परिषद के तमाम कर्मचारी मौजूद रहे...सबसे पहले हनुमान कॉलोनी निवासी भूतपूर्व सैनिक के यहां नगर परिषद की टीम पहुंची ठाकुर ब्रह्मान सिंह ने बताया कि 25 जनवरी 1977 से 30 नवंबर 1994 तक उन्होंने देश की सेवा करते हुए बिताया..इस दौरान वह दिल्ली,बबीना, पटियाला,अंबाला श्री गंगानगर,अहमदनगर जैसी जगहों पर पोस्टेड रहे। साथ ही नगर परिषद छपारा की पूरी टीम हनुमान कॉलोनी निवासी सोमनाथ प्रसाद सोनी के यहां भी पहुंची जहां पहुंचकर अधिकारियों कर्मचारियों द्वारा शॉल और श्रीफल देकर उनका भी सम्मान किया गया. वहीं सोमनाथ प्रसाद सोनी ने बताया कि वह 11 अगस्त 1978 से 31 अगस्त 1996 तक देश के कई स्थान में रहकर उन्होंने देश के प्रति अपना कर्तव्य निभाया. सम्मान पाकर दोनों ही पूर्व सैनिकों ने अधिकारियों को आभार व्यक्त किया।

## अनुभूति कैंपः जंगल बचेंगे तभी जीवन बचेगाः संजीव कुमार पालीवाल जिला सत्र न्यायाधीश

वनमंडलाधिकारी श्री महेंद्र के मार्गदर्शन में बीट क्रमांक 1248 बक्शी में अनुभूति कैंप का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री संजीव कुमार पालीवाल (प्रथम जिला एवं सत्र न्यायाधीश) रहे। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि "जंगल बचेंगे तभी जीवन बचेगा। बच्चों को प्रकृति से जोड़ना ही पर्यावरण संरक्षण की सबसे मजबूत नींव है।" कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में अपूर्वा ताम्रकार (न्यायाधीश), श्रीमती श्वेता परते तिवारी (न्यायाधीश), सुश्री नगीना मराबी (न्यायाधीश), सुश्री ऋषु भगत (न्यायाधीश) एवं श्रीमती निरंजना मालवीय (न्यायाधीश) उपस्थित रहीं।इस अवसर पर वन रक्षक आशीष सूर्यवंशी, वन परिक्षेत्र अधिकारी श्री उत्तम मिश्रा, संयुक्त वनमंडलाधिकारी श्री गोपाल सिंह, मास्टर ट्रेनर शिवानी बघेल एवं अनुराधा ठाकुर की महत्वपूर्ण सहभागिता रही।कैंप के दौरान विद्यार्थियों को जंगल भ्रमण कराते हुए प्रकृति का प्रत्यक्ष अनुभव कराया गया। संयुक्त वनमंडलाधिकारी श्री गोपाल सिंह ने वन प्रबंधन, बोल्डर चेक डेम, वन विभाग के जनक डिब्रेंडिश की प्रेरणादायी जीवन कथा तथा मुनैरा के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी। वहीं वन परिक्षेत्र अधिकारी श्री उत्तम मिश्रा ने चेक डेम निर्माण एवं बांस वृक्षारोपण के पर्यावरणीय लाभों को सरल शब्दों में समझाया।कार्यक्रम में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लखनादौन, शासकीय मॉडल स्कूल लखनादौन तथा पी.एम. श्री शासकीय उच्चतर कन्या विद्यालय लखनादौन के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। अनुभूति कैंप का उद्देश्य विद्यार्थियों में प्रकृति, वन एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति संवेदनशीलता विकसित करना रहा।

## छपारा ब्लॉक में बीएलबीसी बैठक एवं आर एस ई टी आई में वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम आयोजित

**सिवनी। अग्रणी बैंक प्रबंधक सिवनी द्वारा बताया गया कि कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले के निर्देशानुसार विगत दिवस छपारा विकासखंड में खंड स्तरीय बैंकर्स समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में बिंदुओं के अनुसार विभिन्न शासकीय योजनाओं की प्रगति एवं लक्ष्यों की प्राप्ति की समीक्षा की गई।**

बैठक में प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना पीएमएफएमई, टंट्या मामा स्वरोजगार योजना, डॉ. भीमराव अंबेडकर योजना सहित अन्य हितग्राहीमूलक योजनाओं की समीक्षा की गई साथ ही सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों की स्थिति पर चर्चा करते हुए उनके शीघ्र एवं समयबद्ध निराकरण पर जोर दिया गया। इसके अतिरिक्त प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना एवं प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत लंबित प्रकरणों के शीघ्र निपटान हेतु संबंधित विभागों एवं बैंकों के मध्य समन्वय स्थापित कर प्रकरण पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। बैठक में लीड बैंक अधिकारी श्री प्रवीण कुमार दिसोरिया, सीईओ जनपद पंचायत छपारा श्री रविंद्र मीणा, इसी क्रम में स्थानीय आर एस ई टी आई (ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान) में वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें 23 अभ्यर्थियों की उपस्थिति में वित्तीय साक्षरता, डिजिटल लेन-देन एवं सायबर सुरक्षा से संबंधित जानकारी साझा की गई। कार्यक्रम के दौरान जागरूकता बढ़ाने हेतु प्रश्नोत्तरी का भी आयोजन किया गया।

## ग्राम कोटिया में श्रीराम कथा के भंडारे से फूड प्वाइजनिंग की अफवाह गलत

**सिवनी।** ग्राम कोठिया में हाल ही में आयोजित श्रीराम कथा के समापन अवसर पर भंडारे के भोजन के बाद लोगों के बीमार होने की खबरें सामने आई थीं। सोशल मीडिया में यह सूचना प्रसारित हुई कि कई श्रद्धालु उल्टी-दस्त और चक्कर की शिकायतों के चलते बीमार हो गए। हालांकि, स्वास्थ्य विभाग और स्थानीय जांच टीम द्वारा किए गए विस्तृत सर्वेक्षण में यह तथ्य सामने आया कि किसी भी व्यक्ति को गंभीर लक्षण नहीं हुए।भंडारे में लगभग 8 से 10 हजार श्रद्धालुओं ने भोजन किया था, जिनमें केवल 10 से 12 लोगों में हल्के दस्त जैसे सामान्य लक्षण देखे गए। किसी भी श्रद्धालु को लगातार उल्टी, तेज चक्कर या अन्य गंभीर स्वास्थ्य समस्या नहीं पाई गई। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने प्रभावित लोगों को प्राथमिक चिकित्सा उपलब्ध कराई और सभी की स्थिति सामान्य पाई गई। यह स्पष्ट करता है कि भोजन से संबंधित किसी प्रकार की फूड प्वाइजनिंग नहीं हुई और क्षेत्र में किसी भी प्रकार की अनहोनी या स्वास्थ्य संकट की स्थिति नहीं बनी। स्वास्थ्य विभाग ने प्रभावित लोगों को आवश्यक स्वास्थ्य संबंधी सलाह भी दी। टीम ने बताया कि सामूहिक आयोजनों में भोजन बनाते समय साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखना आवश्यक है। साथ ही, भोजन को लंबे समय तक खुले में न रखा जाए और केवल स्वच्छ पानी का उपयोग किया जाए। इसके अतिरिक्त, हल्का भोजन और पर्याप्त मात्रा में तरल पदार्थ लेने की सलाह दी गई।

## पर्यावरणीय समस्याओं और वन्य प्राणी संरक्षण विषय पर आयोजित हुआ वेबीनार

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में पर्यावरणीय समस्याएँ और सतत विकास तथा वन्य प्राणी संरक्षण और चुनौतियाँ विषय पर वेबीनार का आयोजन प्राणी विज्ञान विभाग में हुआ. प्राचार्य डॉ रविशंकर नाग तथा विभागाध्यक्ष डॉ. राधेश्याम डहेरिया के नेतृत्व में पीएम उषा परियोजना के तहत आयोजित इस ऑनलाइन वेबिनार में प्रदेश के विभिन्न कॉलेजों के विद्वतजन, शोधार्थी और विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया. ऑनलाइन वेबिनार के मुख्य वक़्ता के रूप में खजुराहो से जाने- माने विद्वान और लोकप्रिय रिसर्च जर्नल के संपादक डॉ अश्वनी कुमार दुबे ने एनवायरोमेंटल इश्यूज एंड सस्टेनेबल डेवलपमेंट विषय के अंतर्गत पर्यावरणीय मुद्दों एवं उनके समाधान के बारे में विस्तार से समझाया. अपने ऑनलाइन वक्तव्य में उन्होंने कहा कि पर्यावरण के सामने नित्य नई समस्याएँ खड़ी हो रही है. पर्यावरण को बचाना हमारा नैतिक दायित्व है. पीएम कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस, दमोह के प्राणी विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ. प्रणव मिश्रा ने वाइल्डलाइफ कंजर्वेशन एंड इट्स चैलेंज विषय पर अपना सारगर्भित व्याख्यान दिया। डॉ मिश्रा ने कहा कि वनों के जीव प्रकृति का अनुपम उपहार हैं. वन्य जीवों के बगैर यह दुनिया अधूरी है. वन्य जीव रहेंगे तो वन रहेंगे और वन रहेंगे तो मनुष्य बचा रहेगा. वेबीनार के आयोजन में प्राणी विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ.आर एस डहेरिया, डॉ. टीपी सागर, डॉ. संदीप शुक्ला, डॉ. मनीषा सोनेकर, डॉ. वर्षा जैन, धनेंद्र गुर्देकर, सोनू मसराम, राधेश्याम डेहरिया सहित कॉलेज स्टाफ का सक्रिय योगदान रहा। ऑनलाइन वेबिनार के दौरान वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ पीएल सनोडिया सहित प्राणी विज्ञान विभाग के यूजी तथा पीजी कक्षाओं के छात्र- छात्राएँ बड़ी संख्या में उपस्थित रहे. डॉ. टीपी सागर ने मुख्य वक्ताओं तथा सभी के प्रति आभार जताया।

### धार्मिक स्थलों पर उमड़ी आस्था की भीड़

# जिले में हर्षोल्लास से मनाया गया मकर संक्रांति पर्व

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

**बालाघाट मुख्यालय सहित पूरे जिले में मकर संक्रांति का पावन पर्व आस्था के साथ मनाया गया। लोगों ने सूर्य को जल अर्पित कर पूजन किया।**

साल के पहले पर्व को लेकर लोगों में उत्साह देखा गया। परिवार के सदस्य पिकनिक स्थलों पर पहुंचे, जहां उन्होंने भोजन बनाया और साथ में पिकनिक का आनंद लिया। हिंदू धर्म में मकर संक्रांति का विशेष महत्व है। पौष माह की शुक्ल पक्ष की द्वादशी तिथि को मनाए जाने वाले इस पर्व पर सूर्य उत्तरायण होते हैं और मकर राशि में प्रवेश करते हैं। मान्यता है कि इस दिन काले तिल और तिल से बनी चीजों का दान करने से पुण्य लाभ मिलता है। इस दिन तिल-गुड़ का भी विशेष महत्व होता है। धर्मावलंबियों ने घरों में तिल-गुड़ से बने लड्डू का भोग भगवान को अर्पित किया और परिवार के सदस्यों को प्रसाद के रूप में वितरित किया।

नगरीय क्षेत्र के शंकरघाट, बजरंग घाट, महामृत्युंजय घाट और आमाघाट के अलावा गांगुलपारा जैसे पर्यटन स्थलों पर भी लोगों की भीड़ रही। यहां परिवारों ने आनंदपूर्वक पिकनिक मनाई। मकर संक्रांति पर पतंगबाजी का भी विशेष महत्व होता है। सुबह से ही मौसम साफ



रहने के कारण आसमान में पतंगों का नजारा देखते ही बन रहा था। पतंगों की दुकानों पर भी काफी भीड़ देखी गई।

### कलेक्टर ने की प्रधानमंत्री कुसुम बी (कृषक मित्र सूर्य) योजना की प्रगति की समीक्षा

# किसानों को सोलर पंप योजना का लाभ दिलाने शिविर लगाने के निर्देश

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** कलेक्टर श्री मृणाल मीना की अध्यक्षता में आज 14 जनवरी 2026 को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में प्रधानमंत्री कुसुम बी योजना (प्रधानमंत्री कृषक मित्र सूर्य योजना) के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी, अक्षय ऊर्जा विभाग, कृषि विभाग, बैंक तथा पंजीकृत सोलर पंप वेंडर्स के अधिकारियों ने सहभागिता की।

कलेक्टर श्री मीना ने कहा कि प्रधानमंत्री कुसुम बी योजना किसानों के लिए अत्यंत लाभकारी है और जिले के अधिक से अधिक किसानों को इसका लाभ दिलाया जाना चाहिए। उन्होंने निर्देश दिए कि वर्ष 2023-24 एवं 2024-25 के अस्थायी बिजली कनेक्शन वाले किसानों को प्राथमिकता के आधार पर योजना से जोड़ा जाए। इसके लिए विकासखंड, तहसील एवं पंचायत स्तर पर शिविर आयोजित कर आवेदक किसानों के प्रकरण तैयार किए जाएं।

बैठक में बताया गया कि शासन द्वारा



जिले को 2584 सोलर पंप कनेक्शन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसमें से 1621 हितग्राहियों के कार्य आदेश जारी हो चुके हैं। इन हितग्राहियों के CIF एवं AIF की प्रक्रिया पूर्ण कराने हेतु शिविरों के आयोजन तथा शेष आवेदकों को शीघ्र सोलर पंप कनेक्शन उपलब्ध कराने की कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की गई।

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जिन किसानों के प्रकरण पूर्ण हो चुके हैं और सभी औपचारिकताएं पूरी कर ली गई हैं, उनके खेतों में वेंडर्स तत्परता के साथ सोलर पंप की स्थापना प्रारंभ करें। साथ ही विभागीय समन्वय सुनिश्चित करते हुए योजना के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान देने को कहा।

बैठक में विद्युत विभाग के कार्यपालन अभियंता श्री रवि कुमार कुम्हरे (संभाग बालाघाट), श्री लक्ष्मण सिंह (कार्यपालन अभियंता, बैहर), श्री बाबूलाल बैना (वारासिवनी संभाग), अक्षय ऊर्जा विभाग बालाघाट के अधिकारी, सिंचाई विभाग के कार्यपालन अभियंता, अग्रणी बैंक प्रबंधक श्री संजीव कुमार, उप संचालक कृषि श्री फूलसिंह मालवीय तथा पंजीकृत सोलर वेंडरों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# भव्य भूमिपूजन व निशान यात्रा में उमड़े शहरवासी

### शहर में खाटू श्याम मंदिर निर्माण का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

शहर में बुधवार को भगवान श्री खाटू श्याम के प्रति श्रद्धा और भक्ति का माहौल रहा। 14 जनवरी को शहर में श्री खाटू श्याम मंदिर निर्माण का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर भटेरा रोड स्थित श्री श्याम धाम परिसर में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ मंदिर निर्माण हेतु भूमिपूजन संपन्न हुआ। मंदिर निर्माण का मार्ग प्रशस्त हुआ।

उल्लेखनीय है कि श्याम मित्र मंडल एवं श्याम महिला मित्र मंडल बीते लगभग 36 महीनों से नियमित मासिक कीर्तन का आयोजन कर रहा है। श्याम भक्त सुरेश सोनी ने अपने माता-पिता की पुण्य स्मृति में मंदिर निर्माण हेतु भूमि दान कर इस पावन कार्य को गति प्रदान की। इसी दान की गई भूमि पर 14 जनवरी को श्रद्धा और भक्ति के साथ भूमिपूजन किया गया।

मकर संक्रांति की सुबह नया



श्रीराम मंदिर परिसर से भव्य निशान यात्रा का शुभारंभ हुआ। निशान यात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए कीर्तन स्थल पहुंची, जहां भक्तों ने श्याम बाबा के जयकारों के साथ वातावरण को भक्तिमय बना दिया। श्री श्याम धाम परिसर में मंदिर निर्माण के लिए भूमिपूजन कार्यक्रम किया गया।

शाम को बंगाली दुर्गा उत्सव मैदान में भव्य श्री श्याम कीर्तन का आयोजन हुआ, जिसमें प्रसिद्ध कीर्तनकारों ने अपनी सुमधुर प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को श्याम भक्ति में सराबोर कर दिया। देर रात तक चले कीर्तन में बड़ी संख्या में श्याम भक्तों ने भाग लेकर भक्ति और आनंद का अनुभव किया।

# सांसद ने हाईवे और रेलवे ओवरब्रिज को बताया खराब

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

13 जनवरी की शाम सांसद भारती पारधी की अध्यक्षता में जिला सतर्कता और मूल्यांकन समिति (दिशा) की बैठक हुई। इस दौरान सांसद ने जिले में चल रहे निर्माण कार्यों की धीमी गति और घटिया गुणवत्ता को लेकर अधिकारियों को जमकर फटकार लगाई।

सांसद भारती पारधी ने एमपीआरडीसी (MPRDC) की सड़कों की मरम्मत में बरती जा रही लापरवाही पर गहरी नाराजगी जताई। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि घटिया पैचवर्क करने वाले ठेकेदारों के खिलाफ तत्काल कड़ी कार्रवाई की जाए।

उन्होंने बालाघाट-गोंदिया नेशनल हाईवे और सरेखा मार्ग पर बने रेल ओवरब्रिज की गुणवत्ता को भी असंतोषजनक बताते हुए उनमें सुधार लाने पर जोर दिया।

बैठक में नगर के प्रमुख प्रोजेक्ट्स पर चर्चा हुई। 1 करोड़ की लागत से स्वीकृत स्विमिंग पूल को लेकर सांसद



ने कहा कि इसमें केवल टैंक नहीं, बल्कि सभी आधुनिक उपकरण और सुविधाएं होनी चाहिए। इसी तरह, बन रही नई लाइब्रेरी और म्यूनिसिपल स्कूल भवन को भविष्य की जरूरतों और बढ़ती छात्र संख्या को ध्यान में रखकर तैयार करने के निर्देश दिए गए।

जिले के जंगलों में बाघों की मृत्यु पर चिंता जताते हुए सांसद ने वन विभाग को प्रभावी सुरक्षा और संरक्षण के कदम उठाने को कहा। वहीं, जल संसाधन विभाग को सभी नहरों की सफाई करने और लाइनिंग के बजट के लिए केंद्र को प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए गए, ताकि सिंचाई व्यवस्था सुदृढ़ हो सके।

शहरवासियों की सुविधा के लिए सांसद ने मुख्य मार्गों पर रात के समय रोशनी की पुख्ता व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही, आम जनता की सुरक्षा के लिए आवारा कुत्तों को पकड़ने का अभियान चलाने के निर्देश भी दिए। बैठक में उपस्थित क्षेत्रीय विधायकों ने भी अपने-अपने क्षेत्रों की समस्याओं को समिति के सामने रखा, जिस पर सांसद ने त्वरित निराकरण के आदेश दिए।

# बैहर में जनजातीय कारीगर एम्पैनलमेंट मेले का आयोजन आज

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

भारतीय जनजातीय सहकारी विपणन विकास संघ मर्यादित (ट्राइफेड), भारत सरकार द्वारा जनजातीय कारीगरों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से 15 जनवरी 2026 को जनजातीय कारीगर एम्पैनलमेंट मेला आयोजित किया जा रहा है। यह मेला सीनियर बालक छात्रावास (नवीन भवन), रौंदाटोला, बैहर में संपन्न होगा। मेले में जिले के विभिन्न विभागों के अंतर्गत जनजातीय कारीगरों एवं समूहों द्वारा तैयार किए गए हस्तशिल्प एवं अन्य उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई जाएगी। कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने आयोजन को सफल बनाने हेतु संबंधित विभागों को अपने स्तर से समन्वय अधिकारी नियुक्त कर प्रदर्शनी की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग श्रीमती शकुंतला डामोर ने बताया कि ट्राइफेड द्वारा आयोजित इस मेले में भाग लेने वाले जनजातीय कारीगरों एवं समूहों को आने-जाने का यात्रा भत्ता प्रदान किया जाएगा। इस आयोजन का उद्देश्य जनजातीय कारीगरों को विपणन से जोड़ना, उनके उत्पादों को व्यापक पहचान दिलाना तथा उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है। जिला प्रशासन ने सभी संबंधित विभागों से अपेक्षा की है कि वे सक्रिय सहभागिता करते हुए मेले को सफल बनाएं और अधिक से अधिक जनजातीय कारीगरों को इसका लाभ दिलाएं।

# जमा खातों को लेकर जिला प्रशासन ने जारी की महत्वपूर्ण सावधानियाँ

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

जिला प्रशासन ने आमजन को बैंकिंग सेवाओं का सुरक्षित, सुचारु एवं लाभकारी उपयोग करने के उद्देश्य से जमा खातों से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी और सावधानियों जिला को लेकर नागरिकों से अपील की है कि वे अपने वित्तीय व्यवहार में पारदर्शिता बरतें और बेहतर रिटर्न के लिए सही विकल्प अपनाएँ।

अग्रणी बैंक प्रबंधक श्री संजीव कुमार ने बताया कि बचत बैंक खातों में ब्याज दर कम होने के कारण इसे निष्क्रिय बचत माना जा सकता है। बेहतर लाभ के लिए आवर्ती जमा (आरडी) अथवा सावधि जमा (एफडी) में निवेश करना अधिक उपयोगी है।

ग्राहकों को अच्छी बैंकिंग आदतें अपनाने की सलाह देते हुए कहा गया है कि वे समय-समय पर पासबुक या खाते का विवरण प्राप्त कर प्रविष्टियों की जाँच करें, चेक-बुक को सुरक्षित रखें तथा इंटरनेट बैंकिंग आईडी, पासवर्ड, डेबिट कार्ड पिन और ओटीपी किसी के साथ साझा न करें।

प्रशासन ने नामांकन (नॉमिनी) की प्रक्रिया को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि जमाकर्ता की मृत्यु की स्थिति में नामित व्यक्ति को खाते की राशि प्राप्त करने में सुविधा होती है। नामांकन से दावों का शीघ्र निपटान संभव होता है और परिवार को अनावश्यक कठिनाइयों से बचाया जा सकता है। नागरिकों से अनुरोध किया गया है कि खाता खोलते समय नामांकन फॉर्म अवश्य भरें और समय-समय पर विवरण अपडेट करते रहें।

सावधि जमा के संबंध में बताया गया कि निर्धारित अवधि से पहले राशि निकालने पर बैंक द्वारा दंडात्मक शुल्क लगाया जा सकता है। वहीं, जमाकर्ता की मृत्यु की स्थिति में समय पूर्व निकासी पर कोई दंड नहीं लिया जाता। संयुक्त खाताधारकों को समय पूर्व निकासी के लिए अधिदेश (मैंडेट) का विकल्प चुनने की भी सलाह दी गई है।

### हजारों श्रद्धालुओं ने माता रानी का लिया आशीर्वाद

# अंबामांई मेले में उमड़ा आस्था का सैलाब

**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** कटंगी तहसील मुख्यालय से करीब 08 दूर सिवनी रोड़ पर घने जंगल के बीच स्थित अंबामांई में बुधवार 14 जनवरी मकर संक्रांति के दिन से 05 दिवसीय मेले की शुरूआत हो गई। पहले ही दिन हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने अंबा माई पहुंचकर माता रानी का आशीर्वाद प्राप्त किया। मकर संक्रांति को लेकर श्रद्धालुओं में




विशेष उत्साह देखने को मिला। मंदिर प्रबंधन के अनुसार सुबह से ही भक्तों का मंदिर पहुंचकर पूजा अर्चना करने का सिलसिला शुरू हो गया था। दोपहर 03 बजे के बाद मंदिर परिसर में अचानक से भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। लगातार बढ़ रही भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन पूरी तरह अलर्ट नजर आया। थाना प्रभारी धमेन्द्र कुसराम पुलिस जवानों के साथ मेला स्थल पर तैनात रहे। मेला क्षेत्र में बढ़ती भीड़ को देखते हुए वाहनों को मेला स्थल से पहले ही पार्किंग की व्यवस्था बनाई गई है ताकि यातायात व्यवस्था सुचारू बना रहे। धर्मप्रेमियों को किसी भी प्रकार की परेशानी ना हो।

गौरतलब हो कि अंबामांई केवल आस्था का केन्द्र ही नहीं बल्कि प्रकृति की गोद में नहलेसरा जलाशय के किनारे बसा एक खास पिकनिक स्पॉट है। यहां हर साल मकर संक्रांति में लगने वाला मेला भी खास होता है। यहीं कारण है कि अंबामांई में कटंगी-तिरोड़ी तहसील के अलावा बालाघाट की अन्य तहसीलों के अलावा सीमावर्ती सिवनी जिले के लोग भी आते है। मकर संक्राति पर अंबामांई मंदिर में सुबह से ही लोगों की आवाजाही शुरू हो गई थी, जो देर शाम तक जारी रहेगी। माता रानी के भक्तों ने आज मंदिर पहुंचकर माता को तिल-गुड़ का प्रसाद अर्पित किया। हर साल की तरह इस बार भी बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ी, जिससे पूरा इलाका मेले की रौनक से गुलजार नजर आया। बच्चों और युवाओं में मेले को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। मेले में दैनिक उपयोग की वस्तुएं, घरेलू सामान, बच्चों के खिलौने और खाने-पीने की दुकानों पर लोगों की खासी भीड़ देखी गई। लोगों ने अपनी जरूरत के सामान की खरीदारी की और परिवार के साथ मनोरंजन का भरपूर आनंद लिया।

अंबामांई मेला समिति ने बताया कि मकर संक्रांति पर आयोजित यह मेला केवल खरीदारी का माध्यम नहीं रहा, बल्कि ग्रामीण संस्कृति, आपसी मेल-जोल और सामाजिक सौहार्द का प्रतीक भी है। 05 दिनों तक अब अंबामांई में लोगों का सतत आना-जाना होता रहेगा। यह मेला हर साल मकर संक्रांति पर आयोजित होता है और क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान बन चुका है। लोग पूरे वर्ष इस मेले का बेसब्री से इंतजार करते हैं।

# दो वर्ष का कार्यकाल जनसेवा और विकास को समर्पित रहा: विधायक मधु भगत

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** परसवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के विधायक मधु भगत ने अपने विधायक कार्यकाल के दो वर्ष पूर्ण होने पर क्षेत्र की जनता के नाम संदेश देते हुए कहा कि यह पूरा समय जनसेवा, विकास और जनता के विश्वास को मजबूत करने का रहा है। उन्होंने कहा कि विधायक के रूप में उनका मूल उद्देश्य क्षेत्र के अंतिम व्यक्ति तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाना और परसवाड़ा को विकास की मुख्यधारा से जोड़ना रहा है। विधायक मधु भगत ने बताया कि बीते दो वर्षों में उन्होंने क्षेत्र की समस्याओं को नजदीक से समझने का प्रयास किया। गांव-गांव, जनता से सीधा संवाद किया गया, ताकि वास्तविक समस्याएं सामने आ सकें। उन्होंने कहा कि जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरना एक बड़ी जिम्मेदारी है, जिसे उन्होंने पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाने का प्रयास किया है। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण उनके कार्यकाल की प्रमुख प्राथमिकताओं में शामिल रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में खराब सड़कों के कारण लोगों को



हो रही परेशानियों को देखते हुए कई महत्वपूर्ण सड़क परियोजनाओं को स्वीकृति दिलाई गई। इससे न केवल आवागमन सुगम होगा, बल्कि व्यापार, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच भी आसान होगी। शिक्षा के क्षेत्र में किए गए प्रयासों का उल्लेख करते हुए विधायक मधु भगत ने कहा कि स्कूल भवनों के सुधार, आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता और विद्यार्थियों के लिए बेहतर माहौल तैयार करने पर ध्यान दिया गया। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही क्षेत्र के भविष्य को सशक्त बनाने का सबसे मजबूत आधार है, इसलिए इस दिशा में निरंतर कार्य जारी रहेगा।

स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर उन्होंने बताया कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और उपस्वास्थ्य केंद्रों में सुविधाओं के विस्तार के लिए प्रयास किए गए हैं। जरूरतमंद लोगों को समय पर इलाज मिले, इसके लिए स्वास्थ्य अमले और प्रशासन के साथ समन्वय बनाकर काम किया गया। साथ ही, स्वच्छता और स्वास्थ्य जागरूकता विषय पर भी फोकस किया गया। बिजली और पेयजल जैसी बुनियादी सुविधाओं पर भी विधायक ने विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि कई गांवों में बिजली आपूर्ति की समस्या को दूर करने के लिए विभागीय अधिकारियों के साथ लगातार बैठकें की गईं। पेयजल संकट से जूझ रहे क्षेत्रों में नए हैंडपंप, पाइपलाइन और जल आपूर्ति योजनाओं को धरातल पर उतारने का प्रयास किया गया।

विधायक मधु भगत ने कहा कि यह सब कार्य जनता के सहयोग और विश्वास के बिना संभव नहीं हैं। उन्होंने क्षेत्र की जनता, कार्यकर्ताओं और अन्य का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सभी के सामूहिक प्रयास से परसवाड़ा विधानसभा क्षेत्र निरंतर प्रगति की ओर बढ़ रहा है।

### निशुल्क उपचार एवं निशुल्क महंगी दवाइयां पाकर गदगद हुए ग्रामीण

# वन ग्राम लौगुर में पहली बार आयोजित हुआ भव्य चिकित्सा शिविर

हरिभूमि न्यूज उकवा।

गृह मंत्रालय के निर्देशानुसार जी/123 वी बटालियन केंदीय रिजर्व पुलिस बल के लौगूर कैम्प में हजारी लाल कमान्डेंट 123 वी बटालियन केंदीय रिजर्व पुलिस बल के निर्देशन एवं प्रमुख उपस्थिती में सिविक एक्शन प्रोग्राम के तहत निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे 123 वी बटालियन के चिकित्सा अधिकारी एवं नर्सिंग कर्मियों ने ग्राम- लौगूर, छापरवाही, चिखलाझोडी, गोदरीटोला, तल्लाबोड़ी, खारा, गोवारी, धोंडी के ग्रामीणों एवं स्कूली बच्चों की निशुल्क चिकित्सा जाँच की गयी एवं दवाईयों का वितरण किया। इसी प्रोग्राम के तहत इन्ही गाँवो के 10



शिक्षित बच्चों का चयन प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण हेतु किया, जिन्हें प्रशिक्षण पूर्ण होने के पश्चात निशुल्क प्राथमिक उपचार किट भी प्रदान की जायेगी। ज्ञात हो कि वन ग्राम लौगुर जो पूर्णतः आदिवासी एवं वनों से घिरा ग्राम है,जहां आज भी बहुत सारी सुविधाओं का अभाव है,विशेष कर ग्रामीणों को चिकित्सा लाभ हेतु जिला मुख्यालय या उकवा किसी निजी चिकित्सक के पास जाना होता है,जिसके लिय धन और समय दोनों खर्च करने पढ़ते है,जो सभी के लिय संभव नहीं है,इसी को ध्यान में रखते हुए,कमांडेंट हजारी लाल द्वारा नव निर्मित सीआरपीएफ कैंप में चिकित्सा शिविर हेतु निर्देशित किया गया,जहां उम्मीद से कई गुना अधिक लोग उपस्थित हुए और चिकित्सकों से जांच करा कीमती दवाइयां मुफ्त में प्राप्त की,इस शिविर में अनेकों गंभीर बीमारियों का निःशुल्क उपचार किया गया,एवं उपस्थित सभी ग्रामीणों को कंपनी द्वारा स्वल्पाहार एवं मिष्ठान का वितरण किया गया,जिसकी उपस्थित सभी ग्रामीणों ने खूब सराहना की।

इस आयोजन में मुख्य रूप से कमांडेंट हजारी लाल एवं चिकित्सा अधिकारी डॉ. संतोष कुमार, मनोज कुमार (उप कमान्डेंट), बलराम (सहा. कमान्डेंट), रामजस यादव (सहा. कमान्डेंट), निरीक्षक तुलसीराम एव जवानों सहित सामाजिक कार्यकर्ता जेम्स बारीक छपरवाही सरपंच महेश उइके तथा काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। सभी ने इस कार्य की मुक्त कंठ से सराहना की।

# दि बुद्धिस्ट सोसायटी ऑफ इंडिया बिरसा तहसील शाखा का गठन सम्पन्न

### आर डी देशभरतार एवं धरम श्यामकुंवर के प्रयास अनुकरणीय

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** भारतीय बौद्धों के सर्वोच्च धार्मिक सामाजिक संगठन दि बुद्धिस्ट सोसायटी ऑफ इंडिया जिसके संस्थापक अध्यक्ष बोधिसत्व डॉ.बाबासाहेब आंबेडकर जी है,बाबासाहेब ने हम सबको अपने समस्त धार्मिक गतिविधियों को सम्पन्न कराने हेतु यह मातृत्व



संगठन दिए जिसमें जन्म से लेकर मृत्यु एवं अन्य संस्कार सम्पन्न कर भारत के सारे बौद्धों को एक साथ एक मंच पर रहने हेतु बाबा में निर्देश दिये थे तथा देश समस्त जिला,तहसील,नगर,ग्राम,वार्ड शाखाओं में संस्था की शाखा ओ का गठन कर समाज के अंतिम धम्मबंधु ओ तक समस्त महापुरुषों की विचारधारा पहुंचाने का कार्य हो।इस कार्य के लिए संस्था के मप्र राज्य शाखा के अध्यक्ष डॉ.चरनदास ढेंगरे कई माह से अपनी टीम के साथ चिंतन कर रहे थे,गठन की जवाबदारी जिला शाखा के सचिव आद.आर डी देशभरतार जी एवं धरम श्यामकुवर जी जिला सचिव को दि,जिन्होंने अपनी लोगो के बीच जाकर जानकारियों देकर सभी मुख्य धारा में जोड़ने का कार्य किया,गठन हेतु जिलाध्यक्ष अशोक कुमार मेश्राम जी ने प्रदेश अध्यक्ष डॉ. ढेंगरे जी के निर्देश से बिरसा निवासी चैनलाल मेश्राम जी,सुंदरलाल अंगारे जी, एवं एस एल मेश्राम जी को संयोजक बनाकर उनके सहयोग से देशभरतार जी एवं श्यामकुवर जी ने दिनांक 11/01/2026 को बैठक आयोजिता कर तहसील शाखा गठन सम्पन्न कर कार्यकारिणी की घोषणा



की,जिसमें अध्यक्ष दीपक बनसोड महासचिव सी. एल.मेश्राम,उपाध्यक्ष-दुर्गेश अंगारे-आयुनी अरुणा बनसोड- यशवंत बनसोड,कोषाध्यक्ष यशवंत बनसोड,कार्य.सचिव रामकुमार मेश्राम, सचिव- जयंतीलाल भौत मांगें, हेमलता बनसोड़,विमला बनसोड, सुजाता रावतकर, शन्तकला डोंगरे,जितेंद्र डहाटे,सिद्धार्थ घरडे, मोनू रामटेके लेखा परीक्षक देवेश्वर कामडे, संगठक-सुधीर बनसोड बाबूराव वैध, रामू मेश्राम, मयादास गेडाम कार्यकारिणी सदस्य-अशोक ऊके, महेंद्र रावतकर, आदर्श वाहने, चंद्रकांत नागवंशी, कृष्णा रावतकर, संध्या कामडे आदि की नियुक्तिया की। सभी ने गठन पूर्व संस्था की सदस्यता ग्रहण कर बिरसा तहसील क्षेत्र में धम्म संस्था के माध्यम से निष्ठा से धम्म कार्य गतिमान करने का संकल्प लिया,इस गठन समारोह में बैहर से संस्था के तहसील अध्यक्ष के आर सोनटक्के,सचिव के एल धाकड़े सचिव,सूरजलाल मेश्राम क्षेत्र के अशोक नागदेवे सहित भारी संख्या में अनुयायि शामिल थे।